खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

लखनऊ, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 26 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आज से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना, ब्याज माफी में मिलेगी छूट पेज 2



आफरीदी को पीछे छोड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा खेल टाइम्स



सुरक्षा, जागरूकता और संवदेनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी सम्पादकीय



नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील, भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रवात दितवा: कोलंबो से 177 तमिल सुरक्षित वापस लाए गए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को चक्रवात 'दितवा' से प्रभावित पड़ोसी देश श्रीलंका को हर संभव सहायता देने का वादा किया। इसके कारण उड़ानें रद्द होने के कारण कोलंबो हवाई अड्डे पर फंसे 177 तमिलों को पहले चरण में सुरक्षित रूप से राज्य वापस लाया जा चुका है। यहां जारी एक बयान में श्री स्टालिन ने कहा कि इन 177 तमिलों में 133 पुरुष, 60 महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। अनिवासी तमिल कल्याण और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, कोलंबो में भारतीय दूतावास से संपर्क स्थापित किया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी रविवार सुबह 11:05 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इस बीच मुख्यमंत्री ने पड़ोसी श्रीलंका में चक्रवात के कारण हुई व्यापक तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु सरकार की ओर से हर संभव मदद का वादा किया।

### ट्रक की टक्कर से टेम्पो सवार छह लोगों की मौत

**मुरादाबाद -ब्यूरो।** उप्र के मुरादाबाद जिले के कटघर क्षेत्र में ट्रक की रोडवेज बस की चपेट में आने से टेम्पो चालक समेत एक परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कटघर थाना क्षेत्र स्थित ज़ीरो प्वाइंट पर अनियंत्रित रोड़वेज बस ने सवारियों से भरे टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए तथा सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में टेम्पो चालक माटी उर्फ़ संजू पुत्र मुन्ना सिंह (30), सुमन (30), सीमा (35), आरती (20), अमन (15) तथा अनन्या (12) समेत एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई जबकि करनसिंह, रानी, झलक, अंशू तथा अनुष्का समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक होने से सभी को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। हादसे की चपेट में आए चालक समेत उक्त सभी लोग कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर निवासी बताए गए हैं।

### दो बसों की आमने-सामने से टक्कर, 11 की मौत

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर के पास दो बसों के रविवार दोपहर आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। 20 से ज्यादा घायल हैं। शिवगंगा एसपी शिवा प्रसाद के मुताबिक घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के जो फोटो-वीडियो सामने आए हैं, उनमें नजर आ रहा है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसें ड्राइवर साइड टकराईं। टक्कर के कारण बसों का मलबा सड़क पर फैल गया। लोगों की लाशें सीटों में फंसी हुई थीं। लोगों ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की। वहीं, स्थानीय लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला।

# सर्वदलीय बैठक में गूंजा एसआईआर का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाए और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है। उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए। इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है। इतना छोटा सत्र बुलाकर सरकार खुद ही सन्देश दे रही है कि वह संसद चलने को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। डीएमके के तिरुचि शिवा ने कहा कि एसआईआर और देश की सुरक्षा इस समय महत्वपूर्ण मुद्दा है। मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और सरकार हर काम में मनमानी कर रही है। संसद का अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें बड़ी बात यह है कि 15 दिन का सत्र है और इसमें 14 विधेयक पारित होने हैं। तमिलनाडु की सरकार अनदेखी कर रही है।



■ विपक्ष ने कहा: SIR, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर संसद में चर्चा हो

### सर्वदलीय बैठक महज औपचारिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता करार दिया और कहा कि सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता है। यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा। मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं।

### अत्यंत उपयोगी रही सर्वदलीय बैठक : रिजिजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है किबुलाई गई सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही।

### संसद में सरकार को घेरने की रणनीति पर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी की संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई जिसमें एसआईआर, दिल्ली विस्फोट, दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर पूरे विपक्ष के साथ लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार किया गया। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पी. चिदंबरम, गौरव गोगोई, के सुरेश, मनीष तिवारी, मणिकम टैगोर, प्रमोद तिवारी सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

# SIR की डेडलाइन सात दिन बढ़ी

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसम्बर तक चलेगा, फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को होगी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसम्बर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ाई गई है।

आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसम्बर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवम्बर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसम्बर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसम्बर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसम्बर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा। 10 फरवरी को सभी पैमानों पर मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को परखा -शेष पृष्ठ दो पर



### मुरादाबाद में बीएलओ ने फांसी लगाई

**मुरादाबाद-ब्यूरो।** एसआईआर ड्यूटी में लगे (शिक्षक) बीएलओ ने सुसाइड नोट लिख कर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्राह्मन निवासी सर्वेश कुमार (40) मुरादाबाद जिले के गांव जाहिदपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। एसआईआर के काम के लिए उन्हें बूथ नंबर 406 का बीएलओ बनाया गया था। परिजनों द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया गया है कि शनिवार की रात वह अपने कमरे में जाकर सो गए। रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे शिक्षक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर मौका मुआयना करने के दौरान वहां एक सुसाइड नोट मिला। मृतक के भाई प्रमोद की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

■ 15 जनवरी तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता, मतदाता सूची की जांच 10 फरवरी को होगी

### बीएसओ को मिलेगी डबल सैलरी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपये सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएसओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपये कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएसओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएसओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएसओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है कि प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं।

# नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया गांधी व राहुल पर नई FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। तीन अक्टूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया। एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) का इस्तेमाल किया, जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यही अपराध बाद में ईडी के धन शोधन मामले का आधार बन सकता है। एफआईआर में गांधी परिवार के अलावा सैम पित्रोदा, तीन कंपनियां-एजेएल, यंग इंडियन और कोलकाता की डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल हैं।



■ पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की, एजीएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप

### सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ नई प्राथमिकी पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज नई प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने कहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न और बदले की राजनीति जारी रखे हुए है तथा नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह फर्जी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और बदले की अपनी शरारती राजनीति जारी रखे हुए हैं।

# चांद से नमूने लाएगा इसरो का चंद्रयान-4: डा. नारायणन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2028 तक भारी लैंडर और रोवर के साथ चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो प्रयोग के लिए चांद से नमूने लेकर धरती पर वापस आएगा।

इसरो चेयरमैन डा. वी. नारायणन ने शनिवार शाम यहां एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में कहा कि इस मिशन में उनके खास पेलोड, लैंडर और रोवर का वज़न अधिक होगा। ये चांद की सतह से नमूने लेंगे। यह क्षमता अभी सिर्फ़ अमेरिका, रूस और चीन ने दिखाई है। डा. नारायणन ने बताया कि जहां चंद्रयान-3 के लैंडर का वज़न सिर्फ 1600 किलो था, वहीं चंद्रयान-4 के लैंडर का वज़न 6,800 किलोग्राम होगा।

■ इसरो चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की बना रहा योजना



रांची: विराट कोहली के शतक लगाने के बाद उनका फेन मैदान पर पहुंच गया।

# ए320 परिवार के विमानों पर अनिवार्य सॉफ्वेयर अपडेट





**नई दिल्ली।** ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम सभी एयरलाइंस ने पूरा कर लिया है।

जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है। यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है। इसके बाद पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किए थे। भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं। इनमें जिन 338 विमानों पर अपडेट की जरूरत थी। उनमें 200 विमान इंडिगो के पास, 113 एयर इंडिया के पास और 25 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। डीजीसीए के अपडेट में बताया गया है कि इंडिगो ने सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने 100 विमानों पर अपडेट पूरा कर लिया है, जबकि उसके चार विमान बेस मेंटेनेंस के लिए गए हुए हैं और नौ अन्य पर यह अपडेट लागू नहीं होता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 में से 23 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है, जबकि दो अन्य मरम्मत के लिए गए हुए हैं।

■ सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया गया: डीजीसीए

# नवम्बर भारतीय खेलों के लिए रहा शानदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा।

शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवम्बर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ द्य इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ। पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फार लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और आस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फार लोकल अपनाने की अपील की। पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में प्छै माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुड्डुचेरी- मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए।



■ मन की बात में पीएम ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा केंद्रों की सूची संशोधन चार दिसम्बर तक: भगवती सिंह

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह सूची एक नवम्बर 2025 तक जिलों से प्राप्त तहसील स्तर की समितियों द्वारा प्रमाणित/अपडेट की गई विद्यालयों की सूचनाओं के आधार पर तैयार की गई है। रविवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी विद्यालय, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्र या अभिभावक को प्रस्तावित परीक्षा केंद्र को लेकर कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वे इसे उचित कारण एवं प्रमाण सहित चार दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे और आवश्यकतानुसार उन्हें केंद्रीकृत केंद्र निर्धारण समिति को भेजेंगे।

### यूपीएफसी की ईपीएफओ परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ईपीएफओ भर्ती परीक्षा 30 नवम्बर को प्रयागराज के 58 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई। एनफोर्समेंट ऑफिसर (ईओ), एकाउंट ऑफिसर्स (एओ) और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (एपीएफसी) पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। प्रयागराज में कुल 22831 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 58 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।

### उप्र में आज से शुरू होगी 'बिजली बिल राहत योजना

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी ब्याज माफी व छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो



पहली बार 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1 दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' लागू होने जा रही है। यह योजना घरेलू (अधिकतम 2 किलोवाट) और वाणिज्यिक (अधिकतम 1 किलोवाट) उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

योजना में पहली बार उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा होगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में भी मुकदमों और एफआईआर के निस्तारण का मार्ग खुल जाएगा। उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण और भुगतान करेंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा औसत खपत के अनुसार स्वतः कम करने की सुविधा भी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उपभोक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी मामलों के समाधान के लिए अत्यंत लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज पूरी तरह माफ है और मूलधन में भी बड़ा लाभ मिल रहा है। इसलिए हर उपभोक्ता को योजना के लिए प्रेरित किया जाए। डा. गोयल ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात और मुनादी के माध्यम से बताया जाए। हर पात्र उपभोक्ता तक नोटिस, योजना-पम्पलेट और बकाया विवरण के तीन दस्तावेज पहुंचाए जाएं। माइक्रो प्लान बनाकर कर्मचारी एवं फिनटेक एजेंसियों को घर-घर संपर्क हेतु लगाया जाए। वही जिन क्षेत्रों या गांवों में बकाएदारों की संख्या अधिक है, वहां विशेष कैंप लगाया जाए और पूरे गांव को कवर किया जाए। बिजली चोरी मामलों में लोगों को बताया जाए कि यह योजना मुकदमे व एफआईआर समाप्त करने में मददगार है। योजना में शामिल होने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या सम्बंधित खंड/उपखंड कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण 2000 रुपये जमा करना होगा।योजना के अंतर्गत बिजली विवादों और विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का भी पंजीकरण कराकर समाधान कराया जा सकेगा। साथ ही कार्मिकों और कलेक्शन एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है।

### सरकार ने 154 शिक्षकों को दिया पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के 154 शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने पर सहमति प्रदान की है। इन कार्मिकों में प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने यह निर्णय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से ओपीएस में सम्मिलित किए जाने संबंधी प्रस्तावों के गहन परीक्षण के बाद लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों के हितों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। शिक्षक समाज की बौद्धिक नींव हैं, और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया जा रहा है। इस संबंध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी आदेश में निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निर्देश दिया गया है कि आदेश निर्गत करने से पहले सभी 154 प्रकरणों के अभिलेखों की सत्यता और प्रमाणिकता का पुनर्परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।

## एसआईआर लोगों के लिए बनी मुसीबत का सबबः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



कहाः उप्र जैसे बड़े राज्य में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है।

बीएलओ पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने चार दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक एसआईआर का समय बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यवहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है। वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली सस्था बन गई है। बिहार में एसआईआर के दौर में लाखों लोग मताधिकार से वंचित रह गए। शक यही होता है कि कहीं उत्तर प्रदेश में भी होने वलो चुनावों के मद्देनजर विपक्षियों के वोट काटने की साजिश तो नहीं हो रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ यह खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। एसआईआर में कम समय में ज्यादा काम का बोझ और ऊपर से नौकरी की धमकियों से बीएलओ की एक बड़ी जमात बहुत परेशान, हताश है और कुछ तो अवसाद में आत्महत्या तक कर चुके है। अभी तक उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा बीएलओ की मौत हो चुकी है।

## धर्मांतरण, लव जिहाद और नशा कर रहा समाज को कमजोर, सजग रहने की जरूरतः योगी

लखनऊ/झज्जर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की कोशिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जिहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ।

इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की विजई ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

### घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधानःसीएम



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

### कफ सिरप तस्करी का मास्टरमाइंड जायसवाल गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने कोलकाता से कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया, जब वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड के लिए स्थानीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके क्रम में अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया कि 18 अक्टूबर को सोनभद्र में चेकिग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 कफ सीरप की शीशियां बरामद की गई थीं। इसके अतिरिक्त, आरोपी बृज मोहन व शिवहरि की सूचना के आधार पर सोनभद्र पुलिस ने गाजयिाबाद में संयुक्त कार्यवाही कर चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप तथा 20 लाख रुपये फंडिग की नकदी बरामद की थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची झारखंड के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था।

### लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली भाजपा सरकार

**लखनऊ।** लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में बड़े पैमाने पर इवेंट आयोजित करने और उसके लिए पार्किंग जैसी व्यवस्था करने की चर्चाओं के बीच राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच ससपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ की जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'पैसे के लालच में' लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली हुई है। यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र पार्क केवल एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि लखनऊ की स्वच्छ हवा, हरियाली और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी इवेंटबाजी के लिए पार्कों को विशाल मंच और पार्किंग स्थल में बदलना चाहती है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति या दल द्वारा विरोध करने पर सरकार उसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश करेगी, इसलिए यह आंदोलन नागरिकों द्वारा मिलकर चलाया जाना चाहिए।



**सेंसेक्स** 85720.38
**निफ्टी** 26215.55



**सोना रु.** 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा घरेलू कारकों का असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू कारकों का असर हावी रहेगा। सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हो सकती है और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86 हजार अंक के पार बंद हो सकता है।

पिछले सप्ताह बीच कारोबार में इसने 86 हजार अंक का आंकड़ा छुआ था, लेकिन वहां टिक नहीं सका था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए जिसमें वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ा था। इसका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह अक्टूबर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवम्बर के पीएमआई और नवम्बर के वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने वाले हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक भी 03.05 दिसम्बर तक होने वाली है। इन सभी कारकों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है। बीते सप्ताह



30 शेयरों वाला संवेदी सेंसेक्स 474.75 अंक (0.56 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान पहली बार यह 86 हजार अंक के पार पहुंचने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 26,300 अंक के पार गया था। शुक्रवार को यह 26,202.95 अंक पर बंद हुआ, जो 134.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दिखाता है। सप्ताह के दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा, वहीं छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे, जबकि अन्य 30 लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 3.83 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.25 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.89, अडानी पोर्ट्स का 2.51, बजाज फिनसर्व का 1.96 और कोटक महिंद्रा बैंक का 1.80 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 1.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.21 और एलएंडटी का 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही। भारती एयरटेल में 2.86 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही।

### रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसम्बर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गवर्नर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा। इन दोनों ही मोर्चों पर आंकड़े काफी अच्छे आए हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है।

## चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी में भी तेजी रही, जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़ी और सप्ताहांत पर यह 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। गेहूं 10 रुपये टूटकर 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 3,302.14 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल 59 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 46 रुपये और सोया तेल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। वनस्पति नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 22 रुपये और सूरजमुखी तेल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मूंग दाल की कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गईं। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहनः दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल।

## प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां चरम पर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला 2026 की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी विभागों ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला क्षेत्र में प्रतिदिन डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल दस्ते संयुक्त रूप से चेकिग अभियान चला रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियां लगातार पीपा पुल, महत्वपूर्ण मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं। जैसे-जैसे माघ मेले की तिथि नजदीक आ रही है, प्रशासन सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रही हैं। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**SIR** की... जाएगा। इसके बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची के प्रकाशन की अनुमति दी जाएगी। 12 राज्यों में जारी एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता के रेड-लाइट इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान समस्याओं का भी संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग 2 और 3 दिसम्बर को विशेष शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है। निर्णय तीन संगठनों- सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अमरा पदातिक की तरफ से उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया है। संगठनों ने बताया कि यौन कर्मियों को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। एसआईआर से जुड़ी चिंताओं के बीच राज्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि सोनागाछी सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष सुनवाई का इंतजाम किया जाएगा। पात्र मतदाताओं की हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि वे खुद भी एक शिविर में शामिल हो सकते हैं। सीईओ मनोज अग्रवाल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रेड लाइट इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करें। निर्वाचन आयोग की तरफ से हर दिन शाम में बुलेटिन जारी कर एसआईआर के आंकड़े साझा किए जाते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन बढ़ाने से पहले जो अंतिम आंकड़े जारी किए गए, उसके मुताबिक 29 नवम्बर की शाम तीन बजे तक 12 राज्यों में 99.53 फीसदी इन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इनमें से 78.97 फीसदी फार्म्स को डिजिटाइज किया जा चुका है। इन आंकड़ों में राजस्थान की अंता विधानसभा सीट के आंकड़े शामिल नहीं हैं। इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण एसआईआर टाल दिया गया था। यहां मतदाताओं की गिनती का फेज 8 दिसम्बर से शुरू होगा। 50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

## कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठा आरोप लगा रहीः भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फंसाने का झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। यह दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष किया।

प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर कांग्रेस पार्टी के झूठे और बेबुनियाद बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सीधा लूट और भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले का है। ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें नेशनल हेराल्ड के पूरे इतिहास को देखा गया।

प्रसाद ने कहा कि जब शिकायत की गई, तब ये लोग (कांग्रेस) मामले को समाप्त कराने के लिए गए थे, लेकिन उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय नहीं माना और ट्रायल फेस करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इसी मामले आय कर विभाग ने भी इनके आवेदन को खारिज कर दिया था। प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि इसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुड़ा है।

इसी वजह से दिल्ली पुलिस से पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा गया। श्री प्रसाद ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि आप (कांग्रेस) लूट करेंगे, फर्जीवाड़ा करेंगे और कहेंगे कि हमें फंसाया जा रहा है। ये सीधा लूट का मामला है। प्रसाद ने कहा कि यह सभी को पता है कि 90 करोड़ की संपत्ति को कैसे 50 लाख रुपये में नई कंपनी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार और कानून अपना काम कर रही है तब कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ में 1.5 की हेरोइन बरामद होने का दावा

### बाराबंकी के टिकरा उस्मा से जुड़ते तार, नशे के बड़े नेटवर्क पर खुफिया तंत्र की निगरानी पर सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के विभूति खंड थाना क्षेत्र में शहीद पथ के पास बिलाल टावर के सामने खड़ी एक अर्टिगा कार से पुलिस ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद किए जाने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार कार से तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें दो मोहम्मद अनस और नासिर अली- बाराबंकी जनपद के जैतपुर थाने के टिकरा उस्मा गांव के निवासी बताए गए हैं। यह वही क्षेत्र है जो अफीम-डोडा, चरस और हेरोइन के अवैध कारोबार के मामलों में समय-समय पर सुर्खियों में आता रहा है। पुलिस का कहना है कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि उक्त कार से प्रतिबंधित मादक पदार्थों की सप्लाई की जाती है। इसी आधार पर की गई कार्रवाई में कार को रोका गया और उससे मादक पदार्थ मिलने की बात कही जा रही है।

हालांकि, इस कार्रवाई के पीछे जुड़े नेटवर्क के बारे में पुलिस ने केवल इतना कहा है कि हपूरे गिरोह की जांच की जा रही है और आगे की कड़ियां तलाश की जा रही हैं। इस घटना ने एक बार फिर बाराबंकी के इस इलाके में नशा नेटवर्क की सक्रियता को लेकर उठ रहे सवालों को मजबूती दी है। स्थानीय और केंद्रीय खुफिया इकाइयों, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा अन्य निगरानी एजेंसियों की कार्यशैली पर भी चर्चा छिड़ गई है, क्योंकि इस क्षेत्र से लगातार अवैध कारोबार की सूचनाएं सामने आती रही हैं।

## ब्राह्मण महासभा सर्व समाज ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा और सर्व समाज संगम सभा ने संयुक्त रूप से रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने मध्य प्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राम्हण समाज की बेटियों के प्रति अपमानजनक शब्द कहने को लेकर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों ने परशुराम चौक पर पुतला फूंक पर विरोध किया। इस मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष धीरज पाण्डेय, सर्व समाज संगम सभा जिलाध्यक्ष आलोक रस्तोगी, राहुल तिवारी, आकर्ष तिवारी, ललित, विपिन शुक्ला दीपक मिश्रा सुमित रस्तोगी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार की नीतियां गन्ना किसानों को बर्बादी की ओर धकेल रहीं: लोकदल




**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीयअध्यक्ष सुनील सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा इथेनॉल आवंटन में भारी कटौती और शुगर न्यूनतम समर्थन मूल्य न बढ़ाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये दोनों निर्णय गन्ना किसानों पर सीधे आर्थिक प्रहार के समान हैं।

उनका कहना है कि पहले से ही शुगर मिलों की वित्तीय स्थिति कमजोर है और इस नई व्यवस्था ने गन्ना भुगतान संकट को और गहरा करने का खतरा बढ़ा दिया है। हजारों करोड़ रुपये किसानों का बकाया होने के बावजूद सरकार ने न इथेनॉल की खरीद सुनिश्चित की और न ही शुगर एमएसपी में कोई वृद्धि की, जिसके कारण मिलों की आय पर सीधा असर पड़ा है। सुनील सिंह ने कहा कि इथेनॉल आवंटन घटने से शुगर मिलों का कैश-फ्लो अवरुद्ध हो गया है। शुगर एमएसपी वर्षों से जस की तस है जबकि उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में मिलों के लिए समय पर भुगतान करना और कठिन हो जाएगा और इसका सीधा नुकसान गन्ना किसानों को झेलना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की यह नीति किसानों की मेहनत और उनके अधिकारों के साथ खुला अन्याय है। लोकदल अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार ने तुरंत सुधारात्मक कदम नहीं उठाए, तो उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में गन्ना भुगतान पूरी तरह रुक सकता है।

## शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रविवार के दिन शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला। रविवार अवकाश का दिन होने के बावजूद भी शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नगर पालिका की दो जेस. ीबी गरजती रही। शहर के लालबाग चौराहा से लेकर आंख अस्पताल चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान फुटपाथ पर दुकानदारों के टीनशेड हटाए गए। जेसीबी ने फुटपाथ पर मौजूद निर्माण को ढहाने का काम किया। वही नगर पालिका के वहां मलबे को ढोते नजर आए। अतिक्रमण हटाने के दौरान तमाम दुकानदार प्रशासन की मिन्नतें करते भी नजर आए। हालांकि अतिक्रमण हटाओ अभियान में जुटे अधिकारी तमाम खुशामदों को दरकिनार करते हुए अपने अभियान में जूटे रहे। अभियान के दौरान व्यापारियों का काफी नुकसान हुआ। इस दौरान व्यापारी प्रशासन से शिकायत करते नजर आए।

# विश्व मे भारत हो नम्बर वन, बस इसी प्रयास में हैं मोदी : अचिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वक्त देश और देशवा. सियों के उत्थान के बारे में ही प्रयास रत रहते हैं।

प्रधानमंत्री ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ते जब देश को मजबूत करने और विश्व में नंबर वन रखने की बात हो। यह बात भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 128वें संस्करण को सुनने के दौरान कही। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सीतापुर विधानसभा के नगर 1 मंडल के शक्ति केंद्र तामसेनगंज की बूथ संख्या 243 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुन रहे थे। उन्होंने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा का उद्घाटन हो या आईएनएस माहे का भारतीय नौसेना में शामिल होना या फिर देश में स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर की शुरूआत, ये सभी इसी बात के प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 35 करोड़ 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहा. सिक कील्तमान स्थापित किया है, जो ख्रषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि भारत का अनाज उत्पादन पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ टन बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ की शुरुआत देशव्यापी कार्यक्रमों के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया गया। श्री मोदी ने कहा कि यह महीना भारत में खेलों के लिहाज से बेहद सफल रहा है। भारतीय महिला टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले ही टोक्यो में डेफलिपिक्स में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने कबढी विश्व कप जीतकर इतिहास रचा और देश की खिलाड़ियों ने विश्व मुंबाजी प्रतियोगिता में 20 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। श्री मोदी ने बताया कि भारतीय महिला टीम ने एक भी मैच हारे बिना ख्रष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेल इतिहास की यह सबसे बड़ी जीत है, जो हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी। श्री मोदी ने कहा कि आजकल देश में एंडोरेंस स्पोर्ट्स की नई खेल संस्कृति भी तेज़ी से उभर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक मैराथन और बाइकथॉन जैसे विशेष आयोजन कुछ चुनिदा लोगों तक ही सीमित थे, लेकिन अब बहुत कुछ बदल गया है। देश भर में अब हर महीने डेढ़ हजार से ज़्यादा एंडोरेंस स्पोर्ट्स आयोजित किए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में शीतकालीन पर्यटन की अपार संभावानाएं हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन लोगों को आकलृषत कर रहा है और औली, मुनस्यारी, चोपता तथा दियारा जैसे स्थान लोकप्रिय हो रहे हैं। मोदी जी ने कहा कि राज्य का पहला हाई एल्टीटड्ूड अल्ट्रा रन मैराथन पिथौरागढ़ ज़िले के आदि कैलाश में आयोजित किया गया। इसमें 18 राज्यों के 750 से ज़्यादा एथलीटों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह बाद में उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों का भी आयोजन होने वाला है। श्री मोदी ने कहा कि नौसेना से जुड़े पर्यटन में रुचि रखने वालों के लिए देश में कई ऐसी जगहें हैं जहां वे बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि दीव में आईएनएस खुखरी को समलृपत खुखरी स्मारक और संग्रहालय है, जबकि गोवा में नौसेना विमानन संग्रहालय है जो एशिया में अपनी तरह का अनूठा संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि फोर्ट कोच्चि में आईएनएस द्रोणाचार्य में 'भारतीय नौसेना समुद्री संग्रहालय' है।

## रोडवेज बस से दर्दनाक हादसा, बेटे के सामने मां की जान गई

**लखनऊ।** राजधानी के चारबाग स्टेशन के सामने रविवार को भीड़भाड़ के बीच एक बड़ा हादसा हो गया, जब रोडवेज बस की चपेट में आकर कानपुर नगर निगम में तैनात कर्मचारी संगीता रावत की मौके पर ही मौत हो गई। बस का पहिया उनके सिर से गुजर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। संगीता रावत अपने तीन बच्चों में से बड़े बेटे राहुल और दो छोटे बच्चों के साथ लखनऊ अपनी रिश्तेदारी में आयी थी स्टेशन के पास पहुंची थीं तभी अचानक तेज गति से आयी रोडवेज बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

हादसा राहुल के सामने हुआ, जबकि दोनों बच्चे हल्की चोटों के साथ बच गए। हादसे के बाद बस छोड़कर भागने की कोशिश करते हुए चालक को भीड़ ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। चालक नशे की हालत में बताया गया है। चारबाग स्टेशन का यह व्यस्त मार्ग पहले भी कई हादसों का साक्षी रहा है।

# गुरुनानक चौराहे पर अवैध निर्माण और पार्किंग विवाद, जांच टीम गठन के बाद भी कार्रवाई शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिला मुख्यालय स्थित गुरुनानक चौराहे पर पूर्व सरदार पेट्रोल पंप को तोड़कर बनाए जा रहे शॉपिग कॉम्प्लेक्स/मॉल समेत अन्य अवैध निर्माण और पाह्लकग व्यवस्था न होने की शिकायत पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा जांच टीम गठित किए जाने के बावजूद अब तक न तो जांच शुरू हुई और न ही टीम ने मौके पर पहुंचने की ज़रूरत समझी।

इससे विनियमित क्षेत्र की कार्यप्रणाली और कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। बताया जाता है कि गुरुनानक चौराहे पर निर्माणाधीन इस शॉपिंग मॉल के नक्शे में बेसमेंट पाह्लकग प्रस्तावित है, लेकिन मौके पर बेसमेंट को व्यावसायिक दुकानों में बदलने का काम तेजी से चल रहा है। पहले से ही वीख्रटू मॉल और नाले पर बने श्री नानक स्वीट्स के कारण यहां जाम की समस्या बनी रहती है। नई इमारत में पाह्लकग न होने से आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में यातायात पूरी तरह ठप होने की आशंका बढ़ गई है। इसी अव्यवस्था को लेकर अधिवक्ता अमित दूबे ने एक माह पूर्व नगर मजिस्ट्रेट से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि निर्माणाधीन काम्प्लेक्स में ना तो नियमानुसार वेंटिलेशन है और न ही पाह्लकग की व्यवस्था, जबकि स्वीकृत नक्शे में पाह्लकग स्थल स्पष्ट दिखाया गया है। आरोप यह भी है कि स्वीकृत पाह्लकग क्षेत्र में दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर मजिस्ट्रेट ने अठारह नवम्बर को तहसीलदार सदर की अध्यक्षता में जेई विनियमित क्षेत्र तथा पीडब्ल्यूडी खण्डख्रएक के जेई की टीम गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। परंतु ग्यारह दिन बीत जाने के बाद भी न तो रिपोर्ट आई और न ही जांच टीम मौके पर पहुंची। उधर मॉल के बेसमेंट में दुकानों का निर्माण लगातार जारी है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब निर्माण पूरा हो जाएगा।

## पत्नी की हत्या कर किया आत्मसमर्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के राधा नगर क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध संबंधों के शक में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को धारदार हथियार से काट कर हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी खुद थाने पहुंचा और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार राधा नगर थाना क्षेत्र के रमवा निवासी अजय सिंह अपनी 30 वर्षीय पत्नी शिखा के साथ रहा करता है। बताया जाता है कि काफी दिनों से अजय को शक था कि उसकी पत्नी का किसी और से अनैतिक संबंध है, इसके चलते अक्सर घर में कलाह हुआ करती थी।

आज सुबह अजय ने तैश में आकर अपनी पत्नी शिखा को धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारा, हत्या में प्रयुक्त हथियार लेकर खुद थाने पहुंचा और पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। पुलिस ने अजय को विरासत में लेकर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सोनभद्र में पुलिस मुठभेड़ दो गौ तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के रायपुर जाना क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद दो गो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली से घायल एक तस्कर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया कि बीती रात्रि साढ़े बारह बजे थाना रायपुर व थाना मांची पुलिस की संयुक्त टीम खलियारी दरमा मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रो. कने का प्रयास किया लेकिन वह पुलिस को देखकर तेज गति से भागने लगा व अनियंत्रित होकर कच्चे रास्ते में चला गया। कच्चे रास्ते में वाहन का पहिया फंस गया तब दो आरोपी जंगल की ओर भागने लगे।

पुलिस टीम ने फौरन घेराबंदी करना शुरू किया तभी एक तस्कर ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा पुलिस द्वारा भी फायरिग किया गया जिससे एक तस्कर पैर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया और दुसरे को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया की जियाउल उर्फ जियाउद्दीन को पैर में गोली लगी है जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है और रिशु यादव उर्फ विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके कब्जे से एक पिकअप वाहन से कुल 07 राशि गोवंश, एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, एक जिदा मिस कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वह लोग पिकअप वाहन में 07 राशि गोवंश लादकर बिहार ले जा रहे थे। यह गोवंश उन्हें प्रमोद, शिवमंगल यादव तथा विना. ेद व गोरख खटिक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे जिन्हें बिहार के कैमुर जिला निवासी भगवान यादव व विकास यादव के यहां पहुंचाने जा रहे थे जहां से ए पशु वध के लिए आगे बंगाल भेजे जाते हैं।

# सीतापुर में यातायात माह का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में यातयात माह नवम्बर 2025 का समापन समारोह के रूप में किया गया। इस अवसर पर यातायात नियमों के प्रति आमजनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से 10 विद्यालयों के करीब 350 छात्र-छात्राओं एवम् एनसीसी/स्काउट गाइड कैडेट्स द्वारा रैली निकाली गई। रैली सरोजिनी वाटिका से प्रारंभ होकर आंख अस्पताल से लालबाग चौराहा होते हुए जेल रोड से रिजर्व पुलिस लाइन्स पहुंची, यहां पर समापन की गई।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा सभी विद्यालृथयों को यातायात नियमों के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए उनका पालन करने की अपील की गई।



सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गई।

उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से यातायात माह का आयोजन किया गया है। जिसका उद्देश्य सभी को जागरूक करना है। किसी को दंडित करने का नहीं है। सभी को निरंतर यातायात नियमों से जागरूक करने का प्रयास किया गया है। ताकि भविष्य में ऐसी गलतियां न हो। अक्सर हम सब देखते हैं कि दुर्घटनाओं का कारण यातायात के नियमों का पालन न करना जैसे कि हेलमेट न पहनना/सीट बेल्ट न लगाना/वाहन चलाते वक्त फोन का प्रयोग करना आदी पाया गया है। इस माह में अलग-अलग आयोजन कर यातायात से संबंधित जागरूकता अभियान चलाए गए। यदि हम सब यातायात नियमों का पालन करेंगे तो हम अपने आसपास के लोगों को सुरक्षित रख पाएंगे। यातायात जागरूकता को प्रभावी बनाने हेतु सोशल मीडिया पर एक-एक पोस्ट करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में यातायात प्रबंध में निरंतर प्रयासरत एंव उच्च कार्य करने वाले पुलिस बल के अधिकारी एंव कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान ।क्ड नीतिश कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात धर्मेन्द्र कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी, एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद, व प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा एंव विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नई श्रम संहिताओं से श्रमिकों को सुरक्षा और उद्योगों को सहूलियत: अनिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि देश में 29 पुराने श्रम कानूनों को एकीकृत करते हुए चार नई संहिताएं मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020 और उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020 को लागू कर दिया गया है। ए संहिताएं 21 नवम्बर से देशभर में प्रभावी हो चुकी हैं। रविवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री राजभर ने कहा कि इन सुधारों से श्रम कानूनों की जटिलता ऐतिहासिक रूप से कम हुई है। अब 1228 धाराओं के स्थान पर 480 धाराएं, 1436 नियमों के स्थान पर 351 नियम, और 84 रजिस्टरों की जगह केवल 8 रजिस्टर रखने होंगे।

31 रिटर्न की जगह एकल रिटर्न की व्यवस्था की गई है, जिससे नियोक्ताओं की अनुपालन प्रक्रिया सरल होगी और श्रमिकों को अधिक प्रभावी सुरक्षा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और रैंडमाइज्ड कर दिया गया है। इससे पारंपरिक 'इंस्पेक्टर राज' की अवधारणा समाप्त होगी। किसी प्रथम उल्लंघन पर नियोक्ता अधिकतम जुर्माने के 50 प्रतिशत भुगतान पर उपशमन प्राप्त कर सकेगा, जिससे अनावश्यक अभियोजन कम होंगे और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा।

मजदूरी संहिता के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए अनिल राजभर ने बताया कि न्यूनतम वेतन अब सभी संगठित-असंगठित क्षेत्रों पर लागू होगा और वेतन भुगतान दो दिनों में अनिवार्य होगा। ओवरटाइम पर दोगुना वेतन, वेतन से अधिकतम 50 प्रतिशत कटौती की सीमा और सभी कर्मचारियों को वेज-स्लिप देना अनिवार्य किया गया है। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा संर्ि. हता में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को वैधानिक रूप से सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। इनके लिए विशेष कोष बनाया जाएगा, जिसमें एग्रीगेटर्स को 1-2 प्रतिशत योगदान करना होगा। फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को स्थाई कर्मचारियों जैसे सभी लाभ और एक वर्ष की सेवा पर ग्रेच्युटी का अधिकार मिलेगा। आवास निर्माण सीमा को बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है। वहीं औद्योगिक संबंध संहिता में 300 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में बंदी/छंटनी के लिए राज्य सरकार की अनुमति अनिवार्य कर दी गई है।

# उप्र के छह जिलों में छापेमारी

### कोडीन कफ सिरप और नार्कोटिक्स दवाओं के अवैध व्यापार पर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने कोडीनयुक्त कफ सिरप और नार्कोटिक श्रेणी की दवाओं के अवैध भंडारण, बिक्री और काले बाज़ार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छह जिलों में 27 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की है।

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा और भारत सरकार की नीति के अनुरूप अवैध दवा नेटवर्क पर नकेल कसने के तहत की गई। औषधि आयुक्त डॉ- अंजनी कुमार सिंह के निर्देश पर चले अभियान में अवैध भंडारण, बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की बिक्री, फॉर्म-6 व स्टॉक रजिस्टर के अभाव तथा अनियमित रिकॉर्ड जैसी गंभीर कमियां पाई गईं। विभाग ने इन्हें ष्अवैध करार देते हुए दंडात्मक कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की तरफ से जिन जिलों के मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई हुई है, उनमें जौनपुर में बाबा फार्मेसी, आकांक्षा मेडिकल स्टोर सहित कई प्रतिष्ठान, भदोही में श्रीराम मेडिकल स्टोर, साईं मेडिकल स्टोर, कानपुर नगर में श्री रुद्र फार्मा, शिवा केयर, लखनऊ में दीप मेडिकल स्टोर, शिवा मेडिकल स्टोर आदि, उन्नाव में आशा मेडिकल स्टोर, प्रयागराज में अंकित मेडिकल स्टोर सहित अन्य शामिल है। इन प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस उल्लंघन, अवैध स्टॉक, और बिलिंग में अनियमितताओं की पुष्टि की गई। वहीं अवैध व्यापार पाए जाने पर विभाग ने कई जिलों में एफआईआर भी दर्ज कराई है। जिनमे वाराणसी में 28, जौनपुर में 16, कानपुर नगर में 08, लखीमपुर खीरी में 04 व अन्य जिलों में 39 एफआईआर दर्ज की गई है। कुल मिलाकर दर्जनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ बीएनएस एवं एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चैक में गलत रकम भर वसूली का प्रयास

## सवा लाख के बदले सवा पांच लाख की रकम भरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक ने सवा लाख रुपये उधार लेते समय बतौर गारंटी दिए गए चेक में 5.25 लाख की धनराशि भर दी। उसके बाद घर पर नोटिस भेजते हुए पैसे देने के लिए दबाव बनाया जबकि पीड़ित सवा लाख रुपये पहले ही अदा कर चुका था। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में जोया रोड स्थित चिड़िया बाग कॉलोनी में सचिन कुमार का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक 20 अगस्त 2018 को उन्होंने मोहल्ला सराय को. हना में रहने वाले परिचित संजय कुमार से जरूरत पड़ने पर 1.25 लाख रुपये उधार लिए थे। बदले में एक स्टांप भी लिखा था, साथ में हस्ताक्षर करके एक चेक भी दिया था। इसके बाद सचिन कुमार ने कुछ लोगों की मौजूदगी में पैसे वापस कर दिए थे। जब अपना स्टांप और चेक

**■ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा, पुलिस ने शुरू की जांच**

वापस मांगा तो संजय कुमार ने घर की साफ-सफाई में कागजों के साथ जलने की बात कहकर मामला रफा-दफा करा दिया। इसी बीच 27 अगस्त 2025 को संजय कुमार ने बजरिए डाक एक नोटिस भेजा, जिसे देख सचिन कुमार के होश उड़ गए। जिसमें 5.25 लाख का जिक्र था। आरोप है कि संजय कुमार ने चेक का गलत इस्तेमाल किया, जिसके बाद पीड़ित सचिन कुमार ने थाने में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, आखिर में कोर्ट की शरण ली। प्रभारी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शादी से इंकार पर प्रेमिका की हत्या

## एकतरफा प्यार ने ली युवती की जान, शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** के आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सोहरामपुर की एक युवती को शादी से इंकार करना इतना भारी पड़ा कि उसने अपनी जान गंवा दी। नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र में शुक्रवार की शाम घटित इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मूलरूप से अमरोहा की रहने वाली सोनू (22) पुत्री जयपाल नोएडा में नौकरी करती थी। आरोप है कि बिहार निवासी कृष्णा नामक युवक उससे एकतरफा प्रेम करता था और लंबे समय से विवाह का दबाव बना रहा था।

पीड़ित पक्ष की ओर से सोनू की बड़ी बहन कुसुम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि आरोपी कृष्णा अक्सर सोनू के पीछे पड़ा रहता था और शादी के लिए दबाव बनाता था। सोनू द्वारा बार-बार इंकार किए जाने पर आरोपी ने शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे गुस्से में आकर कुसुम के



मकानख़सचिन खारी के घर, एक्टिव पब्लिक स्कूल के निकट, ग्राम याकू. बपुरख़पर पहुंचकर इस वारदात को अंजाम दिया। तहरीर के अनुसार आरोपी ने अचानक कमरे में घुसकर सोनू पर जानलेवा फायरिंग कर दी। गोली सीधे उसके सीने में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सेक्टर-137 स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना फेस-2 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी के खिलाफ हत्या समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग और विवाह के दबाव के चलते विवाद बढ़ने की पुष्टि मिली है। आरोपी कृष्णा फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं। उधर, पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को जब मृतका सोनू का शव उसके पैतृक गांव सोहरामपुर पहुंचा तो परिजनों में को. हराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### जायसवाल का निधन कांग्रेस के लिए बड़ी क्षति



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व कोयला मंत्री श्री प्रकाश जायसवाल के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोकसभा कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ ने शोकसभा कर उनके निधन को कांग्रेस के लिए बड़ी बहुत क्षति बताया। शोकसभा में खलीकुज्जमा एडवोकेट, हरि सिंह मौर्य, कसीम कुरैशी, सईद खां, नवनीत कुमार अग्रवाल, हुसैन हैदर नकवी, नितिन अग्रवाल, तारिक खां, परवेज आरिफ आदि मौजूद रहे।

# प्रोफेसर ने खुद रची थी लापता होने की पटकथा

## परिवारिक विवाद के चलते खुद ही गायब हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** संदिग्ध अवस्था में वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के दो दिन से लापता प्रोफेसर आकाश भारद्वाज को रजबपुर पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि वह पारिवारिक विवाद के चलते खुद ही अपने गायब होने की स्क्रिप्ट लिखी थी। परिजनों को गुमराह करने के लिए अपनी बाइक को बृजघाट के पास छोड़ दिया था। ताकि ये समझा जाए कि उन्होंने गंगा नदी में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी है।

मूलरूप से बुलंदशहर जिले के शिक. ारपुर थाना क्षेत्र के गांव मीरापुर बुवाइच निवासी आकाश भारद्वाज रजबपुर क्षेत्र में हाईवे पर स्थित वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। वह गजरौला की मानसरोवर कॉलोनी में रहते हैं। शुक्रवार दोपहर वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। तलाश के बीच देर शाम में प्रोफेसर की बाइक बृजघाट में गेस्ट हाउस मार्ग पर खड़ी हुई मिली थी। इसके बाद से गजरौला और गढ़मुक्तेश्वर पुलिस प्रोफेसर आकाश भारद्वाज की खोजबीन में जुटी हुई थी। मोबाइल नंबर ट्रेस करने पर उनकी आखिरी लोकेशन भी बृजघाट में ही मिली थी। परिजनों ने रजबपुर थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। इसी बीच शनिवार रात रजबपुर पुलिस ने प्रोफेसर आकाश भारद्वाज को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते नाराज होकर वह घर नहीं पहुंचे थे। गुमराह करने के उद्देश्य से अपनी बाइक बृजघाट के पास छोड़ दी थी। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रोफेसर आक. ाश भारद्वाज को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले में कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई है। प्रोफेसर ने खुद ही अपनी गुमशुदगी की पटकथा लिखी थी। बाइक को बृजघाट के पास छोड़ने का उद्देश्य ये था कि परिजन समझें कि गंगा नदी में डूबकर जान दे दी है।

# ट्रांजक्शन करते समय बरतें पूरी सावधानी

## कोतवाली में जनसेवा संचालकों की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार को डिडौली कोतवाली में जन सेवा केंद्र संचालकों व सिम कार्ड विक्रेताओं की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने जन सेवा केंद्र संचालकों व सिम कार्ड विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी ट्रांजेक्शन या सिम कार्ड बेचते समय पूरी सावधानी बरतें, पूरी तरह से जांच-पड़ताल करें। किसी भी अंजान व्यक्ति को अधिक पैसे लेकर सिम हरगिज न बेचें, ये लालच भविष्य में परेशानी का कारण बन सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 24 घंटे में एक व्यक्ति अपनी आईडी पर सिर्फ एक ही सिम ले सकता है। इस नियम का सख्ती से पालन करें। उन्होंने जनस. ेवा केंद्र संचालकों से अपने प्रतिष्ठान पर जागरूकता बैनर लगाने की अपील की। इसके अलावा ग्राहकों को भी जागरूक करने की बात कही। इस दौरान साइबर प्रभारी सतीश कुमार एसएसआई जसवीर सिंह और उपनिरीक्षक कमल सिंह मौजूद रहे।

# चुचैला में खाद्य विभाग ने की छापेमारी

## मिठाई की दुकानों से दो नमूने लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** चुचैला कलां कस्बे में रविवार को खाद्य एवं रसद विभाग ने मिलावटी और घटिया गुणवत्ता की मिठाई बेचने की शिकायत पर अचानक छापा मारकर सख्त कार्रवाई की।

जानकारी के मुताबिक, कस्बे के ही एक ग्रामीण ने जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायत पत्र में आरोप लगाया था कि कस्बे की एक दुकान पर मिलावटी मिठाई बेची जा रही है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए रविवार दोपहर बाद खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और संबंधित प्रतिष्ठान पर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी रहे। खाद्य एवं रसद विभाग के निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर दो नमूने गाजर का हलवा और दूध भरकर लैब भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से कस्बे के व्यापारियों में दहशत का माहौल रहा, जबकि उपभोक्ताओं ने विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की है।

# देश में किसी को भड़काऊ बयान की छूट नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञानः सारस्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** जमीयत प्रमुख के हालिया बयान पर बजरंग दल ने कड़ी नाराजगी जताई है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रांत गोरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत ने कहा कि देश में किसी भी तरह का भड़काऊ, आपत्तिजनक या समाज को बांटने वाला बयान स्वीकार्य नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि संविधान, न्यायपालिका और देश की सभी संस्थाएं सम्मान की पात्र हैं। किसी भी संगठन या व्यक्ति को ऐसे वक्तव्य नहीं देने चाहिए जो समाज में तनाव, नफरत या वैमनस्य फैलाएं। आज देश को नफरत नहीं, सौहार्द और एकता की जरूरत है। हेमंत सारस्वत ने इस पूरे मामले पर सर्वोच्च न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने की अपील की। उनका कहना था कि ऐसे मामलों में न्यायपालिका की त्वरित कार्रवाई से भविष्य में कोई भी गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से



पहले दस बार सोचने को मजबूर होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की जिम्मेदारी है कि वे शांति, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश दें विवाद बढ़ाने वाले बयान नहीं। अंत में उन्होंने कहा कि कानून के खिलाफ जाने वाले किसी भी बयान या कृत्य पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई बेहद आवश्यक है, ताकि देश की एकता और सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो। प्रेस वार्ता के दौरान बजरंग दल पदाधिकारियों व स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# हेलमेट और सीट बेल्ट को बनाएं जीवन की ढालः एसपी

## यातायात माह के समापन पर प्रतियोगिता के विजेताओं को हेलमेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिले में रविवार को यातायात जागरूकता माह का समापन पुलिस लाइन में किया गया। एसपी आनंद के नेतृत्व में चले इस एक माह के अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। पूरे माह के दौरान विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैलियां, सेमिनार और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं। उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों, स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का संकल्प है। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात जागरूकता पर भाषण एवं आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सड़क सुरक्षा संदेश को प्रभावी और संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत किया। एसपी के मुताबिक पूरे माह चले इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 9651 वाहनों के च ालान किए गए। साथ ही, 2.01 करोड़ का शमन शुल्क वसूला गया। उन्होंने कहाकि, यातायात माह का समापन केवल




औपच ारिक है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य लगातार किया जाएग ।। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ यातायात सहित अन्य पुलिसकर्मी सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे। संचालन सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल जग्गा ने किया प्रतियोगिता में सेंटमैरी कान्वेन्ट स्कूल, गजरौला की प्रसून चाहल (9 कक्षा) प्रथम, नित्या चाहल (11 कक्षा) प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज धनौरा उर्फ मुरादनगर के आशीष (11 कथा) प्रथम, मोहम्मद नूरनबाज (11 कक्षा) द्वितीय, सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल, धनौरा की पंखुड़ी अग्रवाल (7 कक्षा) प्रथम (चित्रकला), जिया (8 कक्षा) द्वितीय (चित्रकला) हीरा इंटरनेशनल स्कूल, धनौरा की सिमरन (12 कथा) प्रथम (चित्रकला), भावना राठी (12 कक्षा) द्वितीय, लिटिल एंजिल इंटर कॉलेज की फिजा (12 कक्षा) प्रथम (चित्रकला), शालू (9 कक्षा) द्वितीय (निबंध), जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज, अमरोहा की सलोनी (12 कक्षा) प्रथम (चित्रकला), ईशा (12 कक्षा) प्रथम (भाषण), आनन्द (12 कश्चा) प्रथम (प्रश्नोत्तरी), अलफिया अंसारी (12 कथा) द्वितीय (चित्रकला), मनीषा आजाद (12 कक्षा) द्वितीय (भाषण), सुमाएला मलिक (12 कक्षा) द्वितीय (प्रश्नोत्तरी), हाशमी गर्ल्स पीजी कॉलेज, अमरोहा की अनुप्रिया पाल (बी.एड) प्रथम (भाषण), राफिया नाज (बीबीए) प्रथम (क्विज), राधा (एमए) प्रथम (पोस्टर), रूसदा (एमए) द्वितीय (पोस्टर), शिवानी (एमए) द्वितीय (क्विज), मनीषा (बीए) द्वितीय (भाषण), तूबा (बीएससी) द्वितीय (भाषण) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई द्वारा मासिक बैठक का आयोजन अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई के कोषाध्यक्ष मनोज यादव के निवास स्थान मोहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी बिजनौर रोड पर किया गया। रविवार को बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता सर्वेश कुमार शर्मा तथा संचालन अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई के महामंत्री राजपाल सिंह जी ने किया। मासिक बैठक में संगठन के स्वरूप विस्तार आगामी संविधान दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा, राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों में सहभागिता, इकाई के विस्तार आदि विषयों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियो ने अपने विचार रखें। बैठक का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य ब्रज प्रदेश, नमन जैन, जिला अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद ब्रज इकाई राहुल महेश्वरी, महामंत्री राजपाल सिंह, श्रीमती स्नेहा चौधरी, श्रीमती डॉ नीलम सिंह, पुलकित शर्मा, वीर सिंह, राकेश मिश्रा, मनोज यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# रामलीला प्रबंध समिति का गहराया विवाद

## छह को चुनाव प्रक्रिया पर होगी मंत्रणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को हीरा फार्म हाउस में समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी समिति चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और मौजूदा परिस्थितियों पर गंभीर चिंतन व्यक्त किया गया।

बैठक में सदस्यों ने बताया कि ग्रामीण न्यायालय में रामलीला प्रबंध समिति से जुड़े प्रबंधकीय वाद पर सुनवाई चल रही है। सदस्यों ने यह भी अवगत कराया कि विपक्षी पक्ष द्वारा न्यायालय में समिति के चुनाव अधिकारी की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़े करते हुए आरोप लगाए गए हैं, जो संगठन की छवि व कार्यप्रणाली को प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए समिति ने अत्यंत आवश्यक सभा बुलाने का निर्णय लिया है। यह सभा आगामी 6 दिसंबर (शनिवार) को गढ़ी मंदिर धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि आम सदस्यों तक सूचना पहुंचाने के लिए लाउडस्पीकर से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।बैठक में अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, सचिव पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवनीश अग्रवाल, बिंदु शर्मा, ओमकार गर्ग, कपिल एडवोकेट, राजीव शर्मा, राजू बादशाह, इंद्रपाल सिंह सहित कार्यकारिणी के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।चुनाव प्रक्रिया पर उठे सवालों के बीच 6 दिसंबर की सभा को लेकर समिति और सदस्यों में विशेष उत्सुकता बनी हुई है।

# एसआईआर में बढ़ चढ़कर भाग लें व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसडीएम एवं नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक ने नगर पालिका सभागार में व्यापारियों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। रविवार को आयोजित बैठक में एसडीएम विभा

**■ एसडीएम व नगर स्वच्छता प्रेरक ने ली बैठक**

श्रीवास्तव एवं नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने व्यापारियों से आह्वान किया कि



वे अपनी जानकारी के व्यापारियों और आसपास के लोगों को एसआईआर अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर सुबोध सिंघल, रामप्रकाश गर्ग, सोनू गर्ग, राजीव मित्तल, अनुज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जनसेवा केंद्र संचालकों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**पीलीभीत।** सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल द्वारा थाना अमरिया क्षेत्रांतर्गत स्थित सभी जनसेवा केंद्र संचाल. कों के साथ एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सभी जनसेवा केंद्र संचालकों को साइबर अपराध से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी / लिंक फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों के संबंध में सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा सभी संचालकों को यह भी अवगत कराया गया कि यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राप्त होती है, तो तत्काल थाना अमरिया या संबंधित साइबर सेल को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। बैठक में सभी जनसेवा केंद्र संचालकों से आमजन को भी साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने की अपील की गई।

# बैनहर में धूमधाम से मनाया गया 'इकोज ऑफ नेचर'

ihyhHkhrA बैनहर गुरुकुल में प्रकृति के साथ जुड़ाव का अनोखा वार्षिक उत्सव बेन-हर गुरुकुल का 9 वाँ वार्षिक समारोह"इकोज ऑफ नेचर"अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन से 12 वीं तक के कुल 450 छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी जीवंत और आकर्षक बन गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पीलीभीत ग्यानेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती रंजीत कौर सैहमी, प्रबंध निदेशक गुरदित्त सिंह सैहमी, विद्यालय के डायरेक्टर डॉ परविंदर सिंह सैहमी एवं करिश्मा सैहमी, प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर एवं हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रकृति, संगीत, कला और रचनात्मक अभिव्यक्ति को दर्शाती अनेक प्रस्तुतियाँ दीं। पंच-भूता और सॉयल सिम्फनी ने प्रकृति के तत्वों को जीवंत किया, जबकि रेनबो चियर, सनलाइट सिम्फनी और ट्विंकलिंग स्टार्स ने उत्साह भरा माहौल बनाया। नेचर'स वर्डिक्ट ने प्रेरक संदेश दिया, और क़व्वाली ऑन स्प्रिंग मेलोडीज़ एवं ब्लेज़िंग रिद्म्स ने स्टेज पर धूम मचा दी। डांसिंग फ्लावर्स और लीफ़ी ग्रूव्स ने वसंत की कोमलता दिखाई, चिरपिंग बड्र्स और ए फ्लटरिंग फेबल ने जीवन का संचार किया, जबकि वाइल्ड लाइफ़ वंडर्स ने वन्यजीवों के प्रति जागरूकता फैलाई। मौसम और प्राकृतिक परिवर्तन को दर्शाते हुए व्हिम्स ऑन द विंड, डिसेंट ऑफ फ्लेक, तरंगिनी और रेनी रैप्सोडी ने भावविभोर कर दिया।आसमान दी परी और मून लिट मेलोडीज़ ने बच्चों की कल्पना को ऊँचाई दी और मंच पर जादुई छटा बिखेरी। मंच पर सोलर्स एंड लूना में सूर्य और चंद्रमा का मिलन और ब्लेंड ऑफ सीज़न्स में सभी ऋतुओं का समागम दर्शकों के लिए अविस्मरणीय रहा। मंच का संच. ालन शिक्षिका आयुषी संजोग द्वारा किया गया।

# पूर्व सपा सांसद ने एसआईआर पर पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक कर दिए निर्देश

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर जनपद पीलीभीत की चारों विधानसभाओं में चलाया जा रहे एसआईआर अभियान की समीक्षा हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पीलीभीत जनपद के एसआईआर समीक्षा प्रभारी बनाए गए पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव रविवार को पीलीभीत पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के समस्त पदाधिकारी, व विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों विधानसभा अध्यक्षों सेक्टर प्रभारी व जोन प्रभारी सहित ब्लॉक प्रभारी से जनपद पीलीभीत में चलाए जा रहे सिर अभियान की पार्टी स्तर पर समीक्षा की। उन्होंने पीलीभीत जनपद के समस्त प्रभारी व ब्लॉक स्तरीय विधानसभा स्तरीय जोन स्तरीय सेक्टर स्तरीय पदाधिकारी को फिर में तत्परता से अपना योगदान दिए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्षों जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी व पूर्व विधायक व जिम्मेदार पार्टी के पदाधिकारी को एक पत्र निर्गत कर उनसे फिर के कार्य के महत्वपूर्ण कार्य में अपना अदितीय योगदान प्रदान करने की अपेक्षा की तथा उन्हें उक्त कार्य में जुड़ जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समस्त ब्लॉकों पर विभिन्न तिथियां में अपना कार्यक्रम निर्धारित कर कार्यक्रम अनुसार प्रत्येक ब्लॉक के प्रभारी पार्टी संगठन के जिम्मेदार पदाधिक. ारी व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी को उक्त कार्यक्रमों में आवश्यक रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए तथा उन्होंने बताया कार्यक्रम में निर्धारित तिथि अनुसार बीएलए का प्रशिक्षण किया जाएगा।

# असंतुलित जीवनशैली मानसिक तनाव के बढ़ते मामलों की मुख्य वजहः रजनी तिवारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि 21वीं सदी की भागदौड़ भरी और असंतुलित जीवनशैली मानसिक तनाव के बढ़ते मामलों की मुख्य वजह है। लोग भ्रमित विचारों के साथ आंतरिक संघर्ष में उलझे रहते हैं, जिससे तनाव विकार तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग के आसन, प्राणायाम, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा की प( तियां तनाव कम करने और मन को संतुलित रखने में अत्यंत कारगर हैं।

उन्होंने कहा कि ष्तनाव-मुक्त जीवन के लिए संतुलित, सरल और अनुशासित जीवनशैली न केवल आवश्यक, बल्कि अनिवार्य है। रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा सभागार में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से तनाव प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शामिल एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को संपूर्णता की ओर ले जाता है। योग तनाव से जुड़ी बीमारियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और व्यक्ति के जीवन में समृ( लाता है। कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो- एम-एल-बी- भट्ट ने बताया कि वैज्ञानिक शोध यह प्रमाणित करते हैं कि ध्यान के अभ्यास से शरीर में सेरोटोनिन और डोपामिन जैसे आनंददायक हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जिससे तनाव स्वाभाविक रूप से घटता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने तनाव विकारों और अवसाद को और बढ़ाया है, ऐसे में योग की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। कुल. पति प्रो- मनुका खन्ना ने कहा कि तनाव आज वैश्विक समस्या है। इससे हर आयु वर्ग प्रभावित हो रहा है। तनावग्रस्त व्यक्तियों के शरीर में हार्मोन्स का स्तर असंतुलित हो जाता है, जिससे शरीर की क्रियाएं बाधित होती हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो- राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि योग शरीर की उत्तेजना को कम कर कार्यप्रणाली को लयब( बनाता है। तनाव की स्थिति में प्राणायाम मन और शरीर के बीच सेतु का काम करता है, जिससे मानसिक शांति मिलती है। आयोजक डा. अमरजीत यादव ने बताया कि 2024 के सर्वे के अनुसार भारत की 53 प्रतिशत शहरी आबादी तनाव से प्रभावित है।

# रन फॉर केटीएस 4.0 में सैकड़ों युवाओं ने भागीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी हिदू विश्व. विद्यालय (बीएचयू) परिसर में रविवार को एक नया उत्साह देखने को मिला, जब काशी-तमिल संगमम 4-0 के तहत आयोजित 'रन फॉर केटीएस 4-0' में सैकड़ों युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मालवीय भवन से शुरू होकर रविदास गेट तक गई इस दौड़ ने न केवल पूरे परिसर को ऊर्जा से भर दिया, बल्कि 'विविधता में एकता' के संदेश को भी प्रभावी ढंग से प्रसारित किया।

तमिलनाडु और काशी की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जोड़ना और उन्हें राष्ट्र की विविध विरासत के प्रति जागरूक करना था। बीएचयू के कुलपति प्रो- अजित कुमार चतुर्वेदी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की इतनी बड़ी संख्या देखकर हमें भी अपार उत्साह का अनुभव हुआ। काशी हिदू विश्वविद्यालय में देश के हर राज्य के लोग रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारा विश्वविद्यालय काशी- तमिल संगमम-4 मना रहा है, जिससे हमारी प्राचीन सभ्यता, आध्यात्मिकता और संगीत का भी एक अनूठा संगम हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रो- भुवन चंद्र कपरी, विभागाध्यक्ष (फिजिकल एजुकेशन), कला संकाय, बीएचयू ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य केवल खेल को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि काशी और तमिलनाडु की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक साझेदारी को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और राष्ट्रीय एकता का संदेश सुदृढ़ करते हैं।

सह-संयोजक डा. राजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक, फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स (रैकेट गेम्स) ने बताया कि इस बार मैराथन में बीएचयू के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आसपास के कॉलेजों तथा स्थानीय समुदाय से भी बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों में जोश के साथ-साथ अनुशासन भी देखने को मिला, जो विश्व. विद्यालय की समृद्ध खेल संस्कृति की पहचान है।

# रायबरेली में युवक का शव खेत में मिला, गांव में फैली सनसनी

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के चन्दापुर इलाके में एक शादी समारोह में शामिल होने आया युवक रविवार सुबह खेत में मृत अवस्था में मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव पूरे ताले बंद इलाके में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ है जिसके शरीर पर चोट के निशान हैं।

मृतक की पहचान दीपक गोस्वामी (40) के रूप में हुई। मृतक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है( जानकारी के अनुसार दीपक पहले अवैध कट्टा बनाने के मामले में जेल जा चुका था। पुलिस के मुताबिक शव सुबह करीब 10 बजे एक खेत से बरामद किया गया। प्राथमिक जानकारी में यह सामने आया है कि युवक शनिवार को एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था और देर शाम गांव में आई एक बारात में नशे की हालत में घूमता हुआ देखा गया था। बताया गया कि मृतक नशे का आदी था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत नहीं होता। शव की स्थिति देखकर ऐसा लग रहा है कि युवक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया होगा और दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। आशंका यह भी जताई जा रही है कि दुर्घटना के बाद अज्ञात आरो. पियों ने शव को खींचकर खेत में डाल दिया। मृतक घटनास्थल के पास ही का रहने वाला था, जिसके कारण पुलिस और ग्रामीणों ने तुरंत उसकी पहचान कर ली। फिलहाल पुलिस सभी बिदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है तथा आसपास के वाहन मूवमेंट और चश्मदीदों आदि की जानकारी जुटा रही है। यह घटना हत्या है या दुर्घटना या कोई और कारण है इस विषय पर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सारी बात स्पष्ट होगी।

## ढोल-ताशे की नाद से बाबा विश्वनाथ को अर्पित की शिवांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में रविवार को नागपुर से आए 'शिवगर्जना बहुउद्देशीय संस्था' के 70 सदस्यों ने काशी विश्वनाथ धाम में ढोल-ताशे की गूंज के साथ बाबा विश्वनाथ को शिवांजलि अर्पित की। 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। ध्वज पथक के साथ आए इस दल में महिलाएं, पुरुष और नन्हे बच्चे भी शामिल थे। पारंपरिक ढोल-ताशे की मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुन ने पूरे परिसर को शिवमय कर दिया। देश के कोने-कोने से आए अन्य श्र(ालु इस मनोरम दृश्य को निहारते और अपने कैमरों में कैद करते दिखे।

# हत्या में 43 साल पहले सजायाफ्ता को उच्च न्यायालय ने किया बरी

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने फैजाबाद जिले में वर्ष 1980 में हुई गैरइरादतन हत्या मामले में पांच साल की सजा पाए एकमात्र जीवित व्यक्ति राम जियावन की अपील मंजूर करके बरी कर दिया। रामजियावन को 1982 में सत्र अदालत ने पांच अन्य आरोपियों के साथ पांच साल की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। मामले में बाकी पांच आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है।

न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह फैसला एक मात्र सजायाफ्ता राम जियावन की अपील पर दिया। अपील में फैजाबाद की सत्र अदालत से अपीलकर्ता को सुनाई गई सजा के फैसले को चुनौती दी गई थी। अपीलकर्ता के अधिवक्ता राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि फैजाबाद के महाराजगंज थानाक्षेत्र में 27 नवम्बर 1980 को जमीन के विवाद में राम अवतार की लाठी, डंडे व फरसे से हत्या हुई थी। अधिवक्ता का कहना था कि मामले में ट्रायल कोर्ट ने साक्ष्यों का उचित मूल्यांकन नहीं किया। ऐसे में अपीलकर्ता के खिलाफ पर्याप्त सबूत न होने की वजह से वह दोषमुक्त किए जाने योग्य है। उधर, सरकारी वकील ने अपील का विरोध किया। हाईकोर्ट ने अपीलकर्ता को दी गई सजा के सत्र अदालत के फैसले को निरस्त करके अपीलकर्ता को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

## बस्ती में ठग गिरोह का पर्दाफाश छह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले की पुलिस ने रविवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले पूर्वांचल के सबसे बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह ठगो को गिरफ्तार किया है। जिनके खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की थी जिसमें बस्ती जिले की कोतवाली, लालगंज तथा साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कई स्थानों से छह ठगो सुजीत चैधरी निवासी मकदूम पुर, निपेंद्र चौधरी निवासी डडियां, रामनाथ चैहान निवासी महथा थाना लालगंज, अश्विनी पाठक निवासी गोविद पारा थाना कप्तानगंज, निखिल त्रिपाठी निवासी नारायण पुर तथा प्रशांत मिश्रा निवासी बिहरा थाना हर्रैया जनपद बस्ती को गिरफ्तार किया गया है।

# आईएफटीएम में 'साइबर अपराध जागरूकता' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस, साइबर क्लब एवं इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) के संयुक्त तत्वावधान में ''साइबर क्राइम जागरूकता'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को साइबर के बढते खतरों, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल सुरक्षा उपायों तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने व्यक्तिगत डेटा, पासवर्ड, बैंकिंग जानकारी और सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां अवश्य अपनाएं।

इस मौके पर साइबर क्लब के संयोजक डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में निरन्तर बढती साइबर घटनाओं के बीच युवाओं को साइबर सुरक्षा से संबंधित बुनियादी जानकारी एवं व्यावहारिक उपायों को समझना बेहद आवश्यक हो गया है।

उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों-जैसे कि फिशिंग, मालवेयर अटैक, पहचान की चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड आदि से बचाव के तकनीकी तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के शिक्षक डॉ. ललित जौहरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल स्वच्छता से जुडे अनेक प्रश्न भी पूछ गए, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यशाला के दौरान साइबर क्लब, कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नहीं भटकना पड़ेगा बुजुर्गों को, गांव में ही मिलेगी सुविधा

**कांठ (शाह टाइम्स)।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को गांव में आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें सीएचसी या अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए जिले की सभी 643 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर रहा है।शिविर की शुरुआत मंगलवार से हो चुकी है, जो 25 दिसंबर तक चलेगी। इन शि. विरों में पंचायत सहायकों, आशा और एएनएम को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सीएचसी प्रबंधन भी सहयोग करेगा। ग्राम प्रधानों को नोडल नामित किया गया है। जिले में 75 हजार बुजुर्ग हैं, जिन्हें अभियान से जोड़ा जाना है।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि पहले आयुष्मान कार्ड केवल उन्हींम परिवारों को मिल रहा था जिनके राशन कार्ड में सदस्यों की आयु 60 वर्ष व उससे अधिक होती थी।

संशोधित नियम लागू होने के बाद हर बुजुर्ग (70 वर्ष से ऊपर) को योजना से जोड़ा गया है।

# अतिक्रमण फिर बढ़ा, सड़कों पर वापसी से जाम की स्थिति गंभीर

■ मालवीय चौक से स्टेशन तक अतिक्रमण की गहन समस्या



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चन्दौसी।** एक ऐसे अधिकारी, जिन्होंने अपने कार्यकाल में पूरी पारदर्शिता के साथ अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाकर मिसाल कायम की थी। चाहे हाईवे हो, शहर की आंतरिक सड़कें हों या प्रमुख चौराहे, उन्होंने बिना किसी पक्षपात के अतिक्रमण हटवाए। उनका सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य था 35बी रेलवे लाइन के आसपास फैले स्थायी अतिक्रमण को हटवाना। उन्होंने राजस्व टीम गठित कर पूरे क्षेत्र से वर्षों पुराने कब्जे हटाकर रास्ता साफ कराया। उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि शक्तिनगर जैसी पहले तंग मानी जाने वाली सड़क आज हाईवे स्वरूप में दिखाई देती है परंतु वर्तमान स्थिति चिंता. जनक है। लोग फिर से सड़कों पर स्थायी और अस्थायी निर्माण कर अतिक्रमण फैलाने में जुट गए हैं। धीरे-धीरे सड़कों पर अतिक्रमण का स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है और जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। फव्वारा चौक से रेलवे स्टेशन तक अधिकतर दुकानदारों ने सड़क पर कब्जा कर रखा है। मालवीय चौक के सामने भी अतिक्रमण खुलेआम जारी है। दुक. ानदारों के आगे ग्राहकों द्वारा खड़े किए गए वाहनों से स्थिति और बदतर हो जाती है। अगर जाम लग जाए तो भी दुकानदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता, मानो सड़क भी उनकी निजी संपत्ति हो। इसी तरह का हाल जनपद न्यायालय परिसर के बाहर भी नजर आता है। कुछ समय पूर्व यहाँ से अतिक्रमण हटाया गया था, जिससे स्थिति सुधरी थी, लेकिन अब फिर से हालात पहले जैसे हो गए हैं। पिछले वर्ष की सख्ती का असर अब समाप्त होता दिख रहा है और अतिक्रमण ने दोबारा पैर पसार लिए हैं।

# यातायात जागरूकता माह का समापन

## उत्कृष्ट विद्यार्थियों व कर्मियों को किया सम्मानित, जरूरतमंदों को मिले हेलमेट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार को पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभागार में यातायात जागरूकता माह (नवंबर 2025) का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, होमगार्ड कमांडेंट संभल तथा प्रभारी यातायात की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान यातायात माह में जनपदभर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं अनुशासन कायम रखने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तथा सर्वाधिक चालान करने वाले यातायात कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को हेलमेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यात्रा के लिए जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा।

# गुमथल चामुण्डा मंदिर में चोरों का धावा



**चन्दौसी।** सर्दी का मौसम बढ़ते ही चोरी की घटनाओं में अचानक वृद्धि देखने को मिल रही है। चोर पहले रैकी करते हैं और मौका पाकर घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। लगभग सात दिन पूर्व गुमथल में दीपक सर्राफ के साथ दिन ढलते ही लूट की घटना सामने आई थी, लेकिन बाद में मामले को अन्य दिशा में मोड़ दिया गया। शनिवार की रात्रि चोरों ने गुमथल के मंदिर को भी नहीं छोड़ा। शातिर चोर चामुंडा देवी मंदिर में प्रवेश कर मुख्य द्वार का ताला तोड़कर गुल्लक में रखी नकदी समेट ले गए। सुबह जब मंदिर परिसर में साफ-सफाई के लिए सेवक पहुँचा, तो उसने देखा कि पीतल का घंटा गायब है और दानपात्र का ताला टूटा हुआ है। यह देखते ही उसने ग्रामीणों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर रामलीला मैदान के समीप स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर में इससे पहले भी चोरी हो चुकी है। लेकिन पुलिस आज तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई। ग्रामीणों का कहना है कि जहाँ एक ओर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति की बात कर रहे हैं, वहीं संभल जनपद के थाना बनियाठेर क्षेत्र में लूट और चोरी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी चिंताजनक है। चामुंडा मंदिर में हुई चोरी की लिखित शिकायत थाना बनियाठेर में दे दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# इस्लाहे आमाल कार्यक्रम में नेक अमल करने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र के रतनपुरा कलां गांव की जामा मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट इसलाहे आमाल के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नोजवनों को नेक अमल करने पर जोर दिया कार्यक्रम का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से इमाम साहब ने किया इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया इस्लाहे आमाल डिपार्टमेंट के यूपी वेस्ट अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा अत्तारी ने अपने बयान में कहा जिन्दगी बहुत थोड़ी है हमे जल्द ही मरना है और अपने रब को मुंह दिखाना है एक दिन मरना है आखघ्रि मौत है करले जो करना है आखिर मौत है लिहाजा हम मरने से पहले पहले मौत की तय्यारी में लग जाना चाहिए और अपना यह जेहन बनाएं मुझे अपनी ओर सारी दुनिया के लौगो की इस्लाह की कौशिश करनी है आखिर में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस मौके पर शैखघ् अमीर अत्तारी इरशाद अत्तारी अब्दुल रहमान अत्तारी सय्यद उवेस मियां मोइन रजा जीशान अत्तारी सलीम अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# यातायात माह–2025 का समापन

### पुलिस ने किया नागरिकों को जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में भव्य समारोह में रविवार को यातायात माह–2025 का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनपदवासियों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ प्रवीण रंजन सिंह व एडीसीपी मनीषा सिंह तथा एआरटीओ उदित नारायण ने किया।


समापन समारोह में पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त ने यातायात माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नोएडा के सेक्टर–14ए में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रवीण रंजन सिंह ने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि गति अधिक होने, लापरवाही और हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, और सड़क पर जिम्मेदारी ही सुरक्षा का आधार है। सुरक्षित यातायात केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद भर में विशेष अभियान, हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और सड़क सुरक्षा रैलियां आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

पुलिस उपायुक्त यातायात ने सभी नागरिकों से यातायात नियमों को जानने व पालन करने की अपील की तथा उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा तभी सफल होगी जब नागरिक स्वयं नियमों को अपनी आदत बनाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने की उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई। तथा जनपदवासियों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अनुशासन और सतर्कता ही सड़क सुरक्षा की कुंजी है। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नोएडा शकील अहमद, राकेश प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण की समय सीमा 11 दिसंबर तक बढ़ने से मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यमुना सिटी में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जेवर में रविवार को सभी बूथों पर महाअभियान चलाया गया। इस दौरान पात्र नागरिकों को अपना नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन कराने का अवसर दिया गया। अभियान के बीच पुनरीक्षण कार्य की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है। इससे बीएलओ को राहत मिली है। जेवर क्षेत्र के अंतर्गत जेवर, रबूपरा व अन्य क्षेत्रों में रविवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण का महाअभियान चलाया गया। बीएलओ ने जगह–जगह पर जाकर लोगों से फॉर्म भरवाए। वहीं, मतदाताओं को आने वाली परेशानियों को भी दूर किया। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की तिथि बढ़ने से बीएलओ ने राहत की सांस ली है। अधिकारियों के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग अभी भी



आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवे. दन नहीं कर पाए हैं, जिसके चलते समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बीएलओ और सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया है कि बढ़ाई गई अवधि के दौरान घर–घर जाकर पात्र नागरिकों से फॉर्म प्राप्त किए जाएं। बूथ स्तर अधिकारियों का कहना है कि नई तिथि से बचे हुए प्रपत्रों के कार्य आसानी से पूरे हो पाएंगे। निर्वाचन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे 11 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से प्रपत्र और अन्य आवश्यक विवरण जमा कर दें, ताकि मतदाता सूची में उनका नाम शामिल हो सके।

## साइबर ठगों ने दो बैंकों से उड़ाए 1.94 लाख

**नोएडा।** गौर सिटी–2 स्थित रक्षा अडेला सोसायटी में रहने वाला एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताकर 1.93 लाख रुपये की ठगी कर ली। आदित्य महेश्वरी ने बिसरख कोतवाली को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 19 नवंबर को क्रेडिट कार्ड जारी न होने की शिकायत एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर की थी। इसी शिकायत का फायदा उठाते हुए साइबर ठगों ने 29 नवंबर को से कॉल कर खुद को एचएसबीसी बैंक का कर्मचारी बताया। कॉलर ने गलती सुधारने के नाम पर आदित्य से दोबारा क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करने को कहा और एक लिंक ईमेल पर भेज दिया। पीड़ित ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया। उनका मोबाइल फोन हैक हो गया।

# 500 से अधिक जगहों पर लगेगा एसआईआर का विशेष शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर रविवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में प्राधिकरण समन्वयक, स्वयंसेवकों, आरडब्ल्यूए, एओए प्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारियों, श्रम संगठनों एवं बिल्डर्स आदि शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरी तत्परता, पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से संचा. लित किया जा रहा है। जिससे ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और आमजन का



सक्रिय सहयोग इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आगामी 1 दिसंबर 2025 (सोमवार) तथा 2 दिसंबर 2025 (मंगलवार) को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लेबर कम्युनिटी वाले क्षेत्रों में 50 विशेष शिविर लगाए जाएंगे। औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों की सुविधा के लिए लगभग 50 कैंप तथा जनपद के 35 प्रमुख शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों में भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिससे छात्र, कर्मचारी और जनसामान्य सरलता से अपना नाम जोड़ या संशोधित करा सकें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नोएडा व ग्रेटर नोएडा के एओए एवं आरडब्ल्यूए सहित 1868 बूथ पर व हाई–राइज सोसायटियों, आवासीय क्षेत्रों, लेबर एरिया, उद्योग, संस्थानों व सोसायटियों, इंस्टीट्यूशन, फिल्म सिटी व मीडिया हाउस में तथा अन्य प्रमुख 500 स्थलों पर भी कैंप लगाए जायेंगे।

इसमें फिल्म सिटी, मीडिया हाउस के विभिन्न 16 लोकेशन पर भी मीडिया कम्युनिटी के लिए स्पेशल कैम्प लगाएं जायेंगे। वहीं इंस्टीट्यूशन की सुविधा के लिए प्रशासन अलग से विशेष शिविर लगायेगा, जिससे वे अपने अनुकूल समय पर प्रपत्र जमा कर सकें। सभी शिविर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होंगे, जिससे नागरिक लंच ब्रेक के बाद आसानी से सेवा प्राप्त कर सकें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इन शिविरों में प्रपत्र 6, प्रपत्र 8 सहित सभी एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे।

किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा किया जा सकेगा। प्रशिक्षित प्रशासनिक टीम, बीएलओ, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पीडीएफ मतदाता सूची के माध्यम से 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की त्वरित सुविधा उपलब्ध रहेगी। पुराने पते से नए पते पर स्थानांतरित हुए व्यक्तियों के लिए बीएलओ समन्वय कर तत्काल अद्यतन सुनिश्चित करेंगे। आवश्यकता होने पर वहीं प्रपत्र 8 भरवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में मतदाता सूची से संबंधित सभी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार, श्रम विभाग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एयरपोर्ट को जाने वाली रोड पर नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** जेवर में ऑटो चालकों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर जाने वाली किशोरपुर रोड पर ऑटो चालक क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां बैठाकर धड़ल्ले से संचालन कर रहे हैं। कई ऑटो में 9 से 10 यात्रियों को ठूंस दिया जाता है, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय इस रूट पर स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। सड़क संकरी होने के साथ ही एयरपोर्ट निर्माण कार्य के कारण जगह–जगह बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है, ऐसे में ओवरलोडेड ऑटो किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। यात्रियों का कहना है कि ऑटो चालक न तो क्षमता का ध्यान रखते हैं और न ही सड़क सुरक्षा नियमों का।

यात्रियों ने कहना है कि कई बार विरोध करने पर चालक बहस करने लगते हैं और कुछ तो उतरने तक की धमकी दे देते हैं। यात्रियों को मजबूरी में सफर करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि किशोरपुर रोड पर नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए। उनका कहना है कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

### नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 55 फीसदी फॉर्म अपलोड

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नोएडा विधानसभा क्षेत्र में फॉर्म अपलोड करने की प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है। रविवार तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की ओर से लगभग 55 फीसदी फॉर्म ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। अभियान के तहत कुल 7.71 लाख से अधिक नागरिकों से फॉर्म भरवाकर उन्हें सिस्टम पर अपलोड किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 752 बीएलओ तैनात हैं, जो घर–घर जाकर फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं। नागरिक फॉर्म भरकर दोबारा बीएलओ को सौंप रहे हैं जिसके बाद इन्हें ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड किया जा रहा है। प्रक्रिया को सुचारू और तेज बनाने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी सहयोग लिया जा रहा है जिससे टीमों तक क्षेत्र की वास्तविक स्थिति और लोगों तक पहुंच बनाना आसान हो रहा है।

ममूरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात बीएलओ दीपा अरोड़ा ने बताया कि कई ऐसे किरायेदार हैं जो मकान छोड़कर जा चुके हैं और अब उनके दिए पते पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे। ऐसे मामलों में मकान मालिक स्वयं आगे बढ़कर बीएलओ की मदद कर रहे हैं। किरायेदारों का पता लगाने की कोशिश में सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों का सहयोग अभियान की सफलता के लिए अहम साबित हो रहा है।

एसडीएम अनुज नेहरा के अनुसार सुबह 8 बजे तक लगभग 53 प्रतिशत फॉर्म अपलोड किए जा चुके थे जिसके बाद बीएलओ लगातार अपलोडिंग कार्य कर रहे हैं। दिन बढ़ने के साथ यह संख्या 55 प्रतिशत तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सौ फीसदी फॉर्म अपलोड सुनिश्चित करने के लिए सभी टीमें लगातार क्षेत्र में काम कर रही हैं। उम्मीद है कि नागरिकों के सहयोग और फील्ड टीमों की सक्रियता के चलते यह अभियान समय पर पूरा हो जाएगा।

### कस्तूरबा विद्यालयों में ओपन जिम बनाए जाएंगे

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले के तीनों कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में ओपन जिम बनाए जाएंगे। इसकी शासन से अनुमति मिल चुकी है। इस पर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। छात्राएं पढ़ाई के साथ–साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे सकेंगी। अधिकारी के मुताबिक जेवर, दादरी और दनकौर में कस्तूरबा विद्यालय संचालित किए गए हैं। यहां छात्राओं को पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए तीनों विद्यालयों के मैदान में ओपन जिम का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन से भी अनुमति मिल गई है। अब निविदा जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। चयनित कंपनी द्वारा ओपन जिमा का निर्माण किया जाएगा।

# राकेश टिकैत 22 दिसंबर को महापंचायत में होंगे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर 22 दिसंबर 2025 को होने वाली भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत की तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई। यह पंचायत परी चौक के पास झंडे वाले मंदिर पर आयोजित की गई, जिसमें महापंचायत की रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता बेगराज प्रधान ने की, जबकि रॉबिन नागर और सुनील प्रधान ने इसका संच. ालन किया।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं के समाधान न होने पर 22 दिसंबर को महापंचायत का ऐलान किया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि लंबे समय से किसानों की आबादी निस्तारण, बैकलीज, किसान कोटे के प्लॉट और युवाओं को रोजगार जैसी समस्याएं लंबित हैं। इसके अतिरिक्त, जेवर एयरपोर्ट विस्थापन नीति में बदलाव की मांग भी की जा रही है। टिकैत ने आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और गौतम बुद्ध नगर के किसानों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया।

मेरठ मंडल महासचिव अनित कसाना ने कहा कि महापंचायत के ऐलान के बाद अब गांव–गांव जाकर किसानों को जीरो पॉइंट पर इकट्ठा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि तुगलपुर के झंडे वाले मंदिर के फ्लाईओवर की समस्या पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्य शुरू कर दिया है, जिसके लिए प्राधिकरण के अधिकारियों का धन्यवाद किया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर इकोटेक–3 कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हल्दौनी मोड़ के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान राधेश्याम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक नोएडा सेक्टर–45 में रहने वाले गौरव भाटिया भाटिया के यहां हल्दौनी गांव निवासी राधेश्याम झा चालक के रूप में नौकरी करते थे। राधेश्याम 28 नवंबर की रात लगभग नौ बजे ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे। वह हल्दौनी मोड़ के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी ट्रक चालक पीड़ित को बाइक समेत करीब सौ मीटर तक घसीटता ले गया।

# रोड, पार्किंग और जाम की समस्या से जूझ रहे निवासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** टाउनशिप में बसाकर निवासियों के साथ बिल्डर की ओर से छल किया गया है। गौड़ सिटी–1 में आने वाली सोसाइटी के निवासियों को सड़क, स्ट्रीट लाइट, ओवरफ्लो हो रहे नाले की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रविवार को गौड़ सिटी–1 फर्स्ट एवेन्यू के निवासियों ने इन तमाम समस्याओं का मुद्दा उठाया। निवासियों का आरोप है कि बिल्डर की ओर से टाउनशिप चार्ज लिया जा रहा है। उसके बाद भी उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। सड़क पर जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं। निवासी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से लेकर प्रशासन तक से मदद की गुहार लगा चुके है। उसके बाद भी अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

निवासियों ने बताया कि आए दिन जाम की समस्या उन्हें जूझना पड़ता है। यदि मेट्रो की सुविधा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को मिल जाए तो जाम से राहत मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि सोसाइटी के बाहर की सड़क पर 50 से 60 प्राइवेट गाड़ी खड़ी रहती हैं। जिससे काफी जाम लगता है। पुलिस से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जब घर लिया गया था तो काफी सपने दिखाए गए थे कि क्लब हाउस होगा। उसके साथ कई अन्य सुविधाएं मिलेगी,लेकिन कुछ भी नहीं मिला। क्लब हाउस की जगह पर होटल बना दिया गया। बच्चों के खेलने तक के लिए भी कोई सुविधा नहीं है। मेंटेनेंस के नाम पर हर माह तीन से चार हजार रुपये देने के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिल रही है।

**सार्वजनिक पार्कों में लगा दी पाबंदी:** निवासियों ने बताया कि सोसाइटी के पास तीन पार्क है,लेकिन बिल्डर प्रबंधन की ओर से सार्वजनिक पार्क पर भी पाबंदी लगा दी गई है। उसे शाम को साढ़े सात बजे बंद कर दिया जाता है। जबकि पार्कों को साढ़े सात बजे नहीं बंद किया जाना चाहिए। यदि सुरक्षा की दृष्टि से पार्क बंद किए गए तो रात दस के बाद पार्कों को बंद किया जाए।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा, कंटेनर ट्रक से टकराया

### ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत, कंपनी का सामान लेकर आगरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा एक कंटेनर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर चालक सोनू शर्मा (निवासी हाथरस) केबिन में गंभीर रूप से फंस गया।

पुलिस ने उसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सोनू शर्मा के चाचा राजकुमार शर्मा ने दनकौर कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार, सोनू मुरादनगर निवासी एक व्यक्ति के कंटेनर को चला रहा था और कंपनी का सामान लेकर आगरा की ओर जा रहा था। परिजनों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया।



इस हादसे में कंटेनर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक घटना के बाद से फरार है। पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिजली आपूर्ति सुधरने के काम इसी माह शुरू होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में बिजली ढांचे को सुधारने के लिए 97 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे विद्युत निगम के बिजली ढांचे को दुरुस्त करने और नई लाइन बनाने के कार्य जल्द शुरू हो सकेंगे। दिसंबर तक टेंडर होने के बाद मार्च 2026 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा जाएगा। विद्युत निगम द्वारा वर्ष 2025–26 में बिजली ढांचे को सुधारने के कार्यों का प्रस्तावों को पूर्व में ही स्वीकृति मिल चुकी है। जिले में 97 करोड़ रुपये के कार्य को मुख्यालय ने स्वीकृति दे दी है। अब विद्युत निगम द्वारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार दिसंबर 2025 में टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे।

इससे बिजली ढांचे को मजबूत करने के कार्य होने हैं। इसमें जर्जर बिजली के खंभे और लाइनें बदली जानी है। इसके साथ ही बिजली लाइन की क्षमता वृद्धि, ट्रांसफार्मरों की संख्या और क्षमता वृद्धि करने, नए पैनल बॉक्स लगाने, अर्थिंग, सीटीपीटी और वीसीबी आदि लगाने का कार्य होने हैं। अब बिजली ढांचे को सुधारने के कार्य जल्द जमीनी स्तर पर शुरू हो जाएगा। **फोनरवा और आरडब्ल्यूए की जगी उम्मीद :** फोनरवा के महासचिव केके जैन ने बताया कि वित्त वर्ष में 97 करोड़ रुपये के कार्य निर्धारित लक्ष्य तक पूरे हो जाएंगे तो शहर के बिजली ढांचे में काफी सुधार होगा। अब उम्मीद है कि त्वरित नए टेंडर जारी करके जमीनी स्तर पर कार्य शुरू हो सकेंगे।

# युवक पर पत्नी और बच्चों के अपहरण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर–53 में रहने वाले व्यक्ति ने एक युवक पर अपनी पत्नी और दो बच्चों का अपहरण करने और फिरौती मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने युवक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सेक्टर–24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया कि उसका विवाह पांच साल पहले हुआ था। उसका एक बेटा और बेटी है। आरोप है कि पिछले दिनों उनकी पत्नी की दोस्ती सेक्टर–44 के रहने वाले युवक वीरेंद्र से हो गई। वीरेंद्र ने उनकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसा लिया। उनकी पत्नी ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं होने के कारण आरोपी के झांसे में आ गई।

पीड़ित ने इस प्रेम प्रसंग का विरोध किया और पत्नी के परिजनों को जानकारी देकर अक्तूबर 2025 में थाने में शिकायत की। इस पर महिला ने पति के साथ रहने और आरोपी पर परेशान करने का आरोप लगाया। आरोप है कि इसके बाद उनकी पत्नी और बच्चे लापता हो गए। घर से गहने और एक लाख रुपये भी गायब हैं। पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो आरोपी ने मोबाइल पर मैसेज भेजकर पत्नी और बच्चों के बारे में जानकारी दी। इसके एवज में पांच लाख रुपये की फिरौती देने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर वीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए–37, सेक्टर–10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# नोएडा एयरपोर्ट के पास बसेंगे मिनी जापान और कोरियाई शहर

### निवेश के कतार में बड़ी कंपनियां, जमीन का सोना बनना तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे का एरिया विदेशी निवेश का एक बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जापानी और कोरियाई इंडस्ट्रियल शहर बसाने की योजना है।

दिल्ली एनसीआर का नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे का एरिया अब केवल एक रियल एस्टेट मार्केट नहीं रहा है, बल्कि यह विदेशी निवेश के एक बड़े केंद्र के तौर पर उभर रहा है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की ताजा रिपोर्ट नोएडा रनवे फॉर ग्रोथ के मुता. बिक, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास खास तौर से जापानी और कोरियाई इंडस्ट्रियल शहर बसाने की योजना है। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक और रियल एस्टेट दिशा को पूरी तरह बदलने के लिए तैयार है। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ल्म्प्क।) के तहत समर्पित बिजनेस डिस्ट्रिक्ट्स विकसित किए जा रहे हैं।

**395 हेक्टेयर में फैला होगा शहर:** सेक्टर 5। में जपानी शहर की योजना है, जो लगभग 395 हेक्टेयर में फैला होगा। वहीं, सेक्टर 4। में कोरियन शहर बसाया जाएगा, जिसका विस्तार 365 हेक्टेयर में होगा।

**शहर की लोकेशन खास:** निवेशकों के लिए सबसे आकर्षण की बात इन शहरों की लोकेशन है। ये दोनों सेक्टर जेवर एयरपोर्ट से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं।



**इस कारण विदेशी कंपनियां लगाएंगी यूनिट्स:** कुशमैन एंड वेकफील्ड का विश्लेषण बताता है कि दिल्ली से सीधा जुड़ाव और मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब विद. ेशी कंपनियों को यहां अपनी यूनिट्स स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**फिनटेक सिटी किए हैं डिजाइन:** सिर्फ जापानी और कोरियन सिटीज ही नहीं, बल्कि विदेशी और संस्थागत निवेश को आकर्षित करने के लिए नोएडा में एक फिनटेक सिटी के साथ–साथ परिधान, खिलौने और मेडिकल डिवाइस के क्लस्टर भी डिजाइन किए हैं। डेंसो कॉर्पोरेशन (जापान) और फॉक्सकॉन (ताइवान) जैसी कंपनियों की घोषणाएं यह संकेत देती हैं कि यह क्षेत्र एक प्रमुख क्षेत्रीय विनिर्माण और नॉलेज हब बन रहा है।

**इन इंफ्रास्ट्रक्चर से होगा फायदा:** कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक एयरपोर्ट के साथ–साथ एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और मेट्रो की कनेक्टिविटी विदेशी निवेशकों के लिए माल और लोगों की आवजाही को आसान बनाएगी, जो इस क्षेत्र को निवेश का हॉटस्पॉट बनाती है। कुशमैन और वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक नोएडा- ग्रेटर नोएडा में जेयर एयरपोर्ट के चलते नए घरों की लॉन्चिंग 54 फीसदी बढ़ी है। इसके अलावा गौतम बुद्ध नगर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे) में 2025 के पहले 9 महीनों में 10,242 यूनिट्स लॉन्च हुई है।

# रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार बहेड़ी के दो युवकों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार नगर के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही हादसे की सूचना मृतकों के घर पहुंची तो वहां को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला मोहम्मदपुर निवासी 26 वर्षीय अरबाज पुत्र मोहम्मद इसरा. इल और 22 वर्षीय जीशान पुत्र शरीफ की मोटरसाइकिल को उत्तराखंड की लालपुर चौकी के पास किच्छा रुद्रपुर मार्ग पर तेज गति से आ रही एक रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों घायलों को घायलावस्था में किच्छा सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने जीशान को मृत घोषित कर दिया, जबकि अरबाज को रुद्रपुर रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों मृतक डेटिंग का काम करते थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही दोनों के घरों में कोहराम मच गया। उत्तराखण्ड पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बरेली में लगीं विद्युत चौपालें

■ **उपभोक्ताओं को योजनाओं की दी जानकारी, समस्याओं का मौके पर समाधान**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में बरेली जनपद में रविवार को व्यापक स्तर पर विद्युत चौपालों का आयोजन किया गया। इन चौपालों का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देना तथा उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना था।

मुख्य अभियंता (वितरण) ज्ञान प्रकाश द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार, ये चौपालें दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सभी विद्युत वितरण खंडों में एक साथ आयोजित की गईं। प्रत्येक चौपाल का शुभारंभ संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों और वार्डों में वार्ड सदस्यों द्वारा किया गया, जिससे पारदर्शिता और सामुदायिक सहभागिता का सशक्त संदेश गया।

कुल 40 विद्युत चौपालों के अंतर्गत 400 से 500 गांवों में पंपलेट वितरित कर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। इसके साथ ही ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के नोटिस भी ग्राम प्रधानों और लोगों को जारी किए गए, ताकि वे इस कैंप का फायदा उठा सकें। ग्राम प्रधानों को पंपलेट के साथ योजना के पात्र उपभोक्ताओं की सूची व नोटिस भी उपलब्ध कराई गई। चौपालों के माध्यम से लोगों को विशेष रूप से 1 दिसंबर से शुरू हो रही तीन चरणों वाली विद्युत राहत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने और बकाया भुगतान को सरल बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को विभिन्न श्रेणियों में किस्तों, सरचार्ज माफी और भुगतान सुविधा का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रत्येक चौपाल में विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, विद्युत निरीक्षक सहित टेक्निकल ग्रेड-2 व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना, मीटरिंग, बिलिंग, वोल्टेज से संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया तथा शेष समस्याओं को समयबद्ध निस्तारण के लिए पंजीकृत किया गया। विद्युत चौपाल में विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन, शिकायत निवारण नंबरों और मोबा. इल ऐप के उपयोग की जानकारी भी दी गई, ताकि उपभोक्ता किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज कर सकें और त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की विद्युत चौपालों का आयोजन किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को सुविधाएं सरलतापूर्वक उपलब्ध हो सकें और राज्य सरकार द्वारा संचा. लित सभी योजनाओं का लाभ हर उपभोक्ता तक पहुंच सके।

# एसआईआर शिविर लगाना चेयरमैन का प्रयास रंग लाया

■ **शीशगढ़ में 80 प्रतिशत तक कार्य हुआ पूरा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शिविर लगाकर एसआईआर प्रपत्र भराने को आज रविवार को दूसरे व अंतिम दिन भी शिविर में अच्छी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने एसआईआर प्रपत्र भरकर जमा किए। कस्बे के सभी बीएलओ का लगभग 80 फीसदी तक कार्य पूर्ण हो जाने से अब बीएलओ ने राहत की सांस ली है तथा उनके कार्य को आसान करने बाली चेयरमैन नीलोफर का आभार भी जताया है।

बताते चलें कि कस्बे में स्थित किसान जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में आज रविवार को दूसरे दिन भी एसआईआर प्रपत्र भरने व जमा करने वालों की भारी भीड़ रही। नगरपंचायत चेयरमैन नीलोफर के प्रतिनिधि हाजी गुड्डू सभासदों व कर्मचारियों के साथ शिविर में मौजूद रहे और ऐसे लोग जो अभी तक प्रपत्र नहीं भर पाए थे, टीम ने पूरी मदद करके उनके कार्य को अंजाम दिया। शाम तक कस्बे के सभी बीएलओ का लगभग 80 फीसदी तक कार्य पूर्ण हो चुका है। एसआईआर शिविर का निरीक्षण करने को तहसील मीरगंज के नायब तहसीलदार भी पहुंच गए। उन्होंने बीएलओ के कार्य की सराहना भी की और कहा कि शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ सम्मानित किए जाएंगे।

## एसआईआर शिविर कर गया बीएलओ की टेंशन दूर

चेयरमैन नीलोफर का एक सफल प्रयास बीएलओ की टेंशन दूर कर गया। अभी तक बीएलओ काफी परेशान थे। एसआईआर प्रपत्र जमा नहीं हो पा रहे थे। चालीस फीसदी कार्य भी पूर्ण नहीं हो सका था। चेयरमैन नीलोफर ने बीएलओ के दर्द को समझा और दो दिवसीय शिविर आयोजित करके नगर पंचायत के वर्तमान व पूर्व सभासदों के अलावा कर्मचारियों को भी बीएलओ की सहायता में लगा दिया। इस दो दिवसीय शिविर में इतना अधिक कार्य हुआ, जितना पिछले कार्य दिवसों में अभी तक नहीं हो सका है। चेयरमैन नीलोफर ने मेहनत से कार्य करने वाले सभी बीएलओ का आभार व्यक्त किया है, जिनकी मेहनत, लगन से करीब अस्सी फीसदी कार्य पूर्ण हो सका। अब एक सप्ताह का अतिरिक्त समय और मिल जाने से शत प्रतिशत एसआईआर होने की संभावना बढ़ गई है।

# विद्युत चौपाल का भाजपा नेता ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सरकार द्वारा शुरू की जा रही विद्युत बिल राहत योजना को सुचारू रूप से अंजाम दिए जाने हेतु आज रविवार को अवर अभियंता सन्तोष कुमार शर्मा की टीम की मौजूदगी में कस्बे के बरेली बस अड्डे पर विद्युत चौपाल का आयोजन किया गया। भाजपा नेता रामप्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

अवर अभियंता सन्तोष कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का 1 दिसम्बर से शुरू की जा रही है। जिसको लेकर कस्बे में 1 दिसम्बर से कैम्प लगाकर बिल जमा किए जाएंगे। अवर अभियंता ने बताया कि इस योजना में मार्च 25 से पहले बिजली बिल बकाया वालों के बिल में व सौ प्रतिशत की छूट के साथ ही एक मुश्त जमा करने पर बिल में भी 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मार्च से अब तक के बिल में कोई राहत नहीं होगी। उन्होंने अपील की कि सभी सम्मानित उपभोगता इस योजना में हिस्सा लेकर पूरा लाभ उठाएं। इस अवसर पर वसीम अकरम, तनवीर अहमद सहित बिजली विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामलीला मैदान से 22.67 ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने गश्त के दौरान रामलीला मैदान से एक युवक को 22.67 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहल्ला शेखूपुर निवासी सद्दाम पुत्र मकसूद अहमद आयु लगभग 23 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, जब उपनि. रीक्षक शिव कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक श्रीनाथ शर्मा, हेड कांस्टेबल सरजीत, कांस्टेबल विं. कत सोलंकी और नागेन्द्रपाल सिंह कस्बा क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्मैक लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रामलीला मैदान से आरोपी सद्दाम को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 22.67 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना बहेड़ी में मुकदमा संख्या 1102/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान का हिस्सा है। क्षेत्राधिकारी बहेड़ी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्मैक बेचकर पैसा कमाने की बात स्वीकार की है।

# दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित, धोखे से कराया गर्भपात

■ **बुलेरो गाड़ी और दो लाख न लाने पर जिंदा जलाने की धमकी, पति समेत ससुरालियों पर केस दर्ज**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, धोखे से गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली देवरनियां के कस्बा रिछा निवासी युवती की शादी बदायूं शहर के मोहल्ला कासैन निवासी असलम हुसैन उर्फ गुड्डू से हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। पीड़िता के अनुसार, उसका पति असलम, सास कमर जहां, देवर आसिफ और ननदें आसमा, रूबी व रेशमा दहेज में बुलैरो गाड़ी और दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। यह मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक यातनाएं दी गईं।

पीड़िता ने बताया कि प्रताड़ना के कारण उसका एक मृत बच्चा पैदा हुआ था। बाद में जब वह दोबारा गर्भवती हुई, तो ससुराल वालों ने उसे धोखे से दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। आरोप है कि 7 फरवरी 2024 को आरोपियों ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा और बदायूं स्थित घर से निकाल दिया। उसे धमकी दी गई कि अगर वह बुलैरो और दो लाख रुपये के बिना वापस आई, तो उसे जिंदा जला दिया जाएगा। इसके बाद वह अपने मायके कस्बा रिछा पहुंची। पीड़िता ने बताया कि 16 अप्रैल 2024 को जब वह अपने ससुराल बदायूं पहुंची, तो आरोपियों ने दरवाजा नहीं खोला। उसे फिर से धमकी दी गई कि अगर वह दोबारा आई तो जिंदा नहीं बचेगी।

पीड़िता ने कई बार समझौते की कोशिश की और पंचायतें भी हुईं, लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला। अंततः पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली देवरनियां में पति असलम, सास कमर जहां, देवर आसिफ और ननदों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में पति उसे गाजियाबाद ले जाकर वहां रहने के बहाने उसे अपने साथ ले गया। लेकिन वह उसे वहां छोड़कर फरार हो गया। वह लौट कर अपनी ससुराल आयी तो ससुराल वालों ने उससे मारपीट की। घटना की तहरीर विवाहिता ने थाना नवाबगंज में दी है। जिसे गम्भीरता से लेते हुए कोतवाल ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

कस्बे के मोहल्ला काहरान निवासी अवनेश गुप्ता ने अपनी बेटी मानसी गुप्ता का विवाह 18 अप्रैल वर्ष 2022 को भमोरा थाना क्षेत्र के संधा गांव के एक युवक के साथ किया था। विवाहिता का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति और ससुराल वाले उससे दहेज में कार और पांच लाख रुपए नगद लाने की मांग करने लगे। जिसपर उसने अस्मर्थता जतायी तो वह उसे तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे जान से मारने के लिए उसके गले में दुपट्टे का फंदा कस उसकी हत्या का प्रयास किया। लेकिन परिवार टूटने के डर से वह सब कुछ सहती रही। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने 9 नवम्बर को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में पति गाजियाबाद में रहने की बात कह उसे अपने साथ ले गया। आरोप है कि वह उसे वहां छोड़कर फरार हो गया। जब वह लौट कर अपनी ससुराल आयी तो ससुरालियों ने फिर उसकी पिटाई की। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उसे बचाया। घटना की तहरीर विवाहिता की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है। जिसे गम्भीरता से लेते हुए कोतवाल ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# एबीएसए कर्मियों द्वारा शिकायत का गलत निस्तारण करने का आरोप

■ **शिकायतकर्ता ने शिक्षा सचिव को शिकायती पत्र भेजकर सही तरह से जांच करने की उठाई मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने स्कूल की अनियमित्ताओं की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के बाद एबीएसए पर स्कूल संचालक से सुविधा शुल्क लेकर फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण करने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि स्कूल संचालक मानक को ताक पर रखकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

शिक्षा सचिव को की गई शिकायत में ऐंठपुरा निवासी खरगेश कुमार का कहना है कि उसने विकासखण्ड बहेड़ी के छितौनिया रोड भिलैइया अड्डा स्थित एक विद्यालय के विरूद्ध मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। प्रार्थना पत्र में कहा था कि स्कूल की मान्यता आठवीं क्लास तक होने के बावजूद प्रबन्धक बारहवीं कक्षा तक क्लास लगाकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करके लाखों रूपये की अवैध फीस वसूल रहे हैं। स्कूल की इमारत भी मानकों को पूरा करके नहीं बनाई गई है। स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक भी हाईस्कूल-इण्टर पास हैं। बच्चों को लाने वाले वाहन भी काफी जर्जर हालत में हैं।

इस सम्बंध में स्कूल प्रबन्धक की जब शिकायत की गई तब उसने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि मैं शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ शिक्षा मंत्री तक को रूपया भेजता हूं, तुम मेरा कुछ नहीं विगाड़ सकते हो। आरोप है कि उसके खिलाफ महिला से झूठा मुकदमा दर्ज कराने की भी धमकी दी है। आरोप है कि दिनांक 25 अक्टूबर 2025 और 19 अगस्त 2025 को दिये गये प्रार्थना पत्रों को शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्कूल संचालक को बुलाकर बिना किसी जांच व उसके बयान के बिना निस्तारण कर दिया गया है। उसने मामले की सही तरह से जाँच कर स्कूल संचालक के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# पुलिस टीम पर की फायरिंग, मुठभेड़ में आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार देर रात गौकशी के वांछित आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के निजामपुर पस्तौर का रहने वाला मेहरबान उर्फ लुक्का है। उसका साथी नाजिम अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

सीओ आंवला नितिन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शनिवार रात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र में हुई गौकशी की घटना के आरोपी दोबारा सक्रिय हो गए हैं। दो आरोपी बिना नंबर प्लेट की बाइक से वजीरगंज की ओर से आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने गांव मनौना की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर ली।

सीओ के मुताबिक बाइक सवारों ने पुलिस टीम को देखकर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में आरोपी मेहरबान उर्फ लुक्का गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी नाजिम मौके से भाग गया। घायल आरोपी को अस्पताल भेजा गया। आरोपी से तमंचा, कारतूस, एक छुरा, तीन रस्सियां व बाइक बरामद हुई है। पुलिस नाजिम की तलाश कर रही है।

# युवक किशोरी को लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया।किशोरी के पिता ने युवक के खिलाफ किशोरी के साथ साथ पचास हजार रुपये और जेवरात ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से शनिवार रात को किशोरी अचानक गायब हो गई। किशोरी को विस्तर पर नहीं देखकर परिजनों ने तलाश की।सुबह को किसी ने उनको बताया गांव का ही युवक और उसका दोस्त उसे भगा कर ले गए है।जिस पर पिता ने दोनों के खिलाफ 50 हजार रुपए और जेवरात के साथ किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** मन की बात कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन से सुना, और उनके भाषण को आत्मसात किया।

भाजपा नेता विनय चौधरी, असगर अली समेत अन्य लोगों ने सार्वजनिक स्थान पर लगाए गए टीवी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गौर से सुना। तत्पश्चात विनय चौधरी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी कर कहा कि श्री मोदी की बातों को जन जन तक पहुंचाएं।

# सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हैं एडवोकेट मुमताज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** नगर के एक मुख्य चौराहे पर अपना ठिया सजाकर बैठे एडवोकेट मुमताज उर्फ भैय्ये एसआईआर फार्म भरने में जुटे हुए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने अपने खर्च पर एक दो युवकों को भी अपने साथ लगा रखा है। मुमताज का कहना है कि फार्म भरने की प्रक्रिया को लेकर गरीब अनपढ़ लोग काफी परेशान दिख रहे थे, जिनकी सेवा के लिए उन्होंने अपने निजी कार्य त्याग दिए, यहां तक कि कुछ दिन के लिए उन्होंने वकालत की प्रैक्टिस का भी त्याग कर दिया।

एक सवाल के जवाब में एडवोकेट मुमताज ने कहा कि वह किसी भी तरह का कोई चुनाव लड़ने नहीं जा रहे हैं, उनका यह काम फीसबीलिल्लाह है, यानी सिर्फ और खिदमत ए खल्क। वह चाहते हैं कि कोई व्यक्ति वंचित न रहे। यहां यह बता दें उनके बड़े भाई एडवोकेट रियाज अहमद सेंथल नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के दावेदार हैं, लेकिन मुमताज भैय्य का कहना है कि लोग गलत फहमी पाले हैं, मैं तो अपने भाई के चुनाव लड़ने के ही विरोध में हूं। अगर वाह नहीं मानते हैं तो मैं मंच से उनका विरोध करूंगा।

# युवक को हथियार सहित दबोचा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चिटौली अंडरपास और रहपुरा अंडरपास के बीच स्थित गन्ना तौल केंद्र के पास से एक युवक को नाजायज हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सौरभ निवासी भोलापुर उम्र लगभग 20 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सौरभ के कब्जे से एक नाजायज पोनिया 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 9/25 अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूंछताछ में सौरभ ने कुछ महत्वपूर्ण और गोपनीय जानकारी भी बताई जिसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है आरोपी को पुलिस ने माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार,उपनिरीक्षक पंकज कुमार, कांस्टेबल लेखपाल सागर और लवी कुमार शामिल रहे।

# महापौर आज करेंगे दस दिवसीय खादी उत्सव का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**दस दिनों तक चलेगा खादी और हस्तशिल्प का मेला**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा बरेली में मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग खादी एवं स्वावलंबन उत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। यह उत्सव 1 दिसंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसका उद्घाटन आज सोमवार को दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि महापौर उमेश गौतम करेंगे।

यह प्रदर्शनी बरेली के वैशाली प्रगति मैदान, विशप मंडल इंटर कॉलेज परिसर, हिंद सिनेमा हॉल के सामने आयोजित की जा रही है। इसका आयोजन उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, बरेली मंडल द्वारा किया जा रहा है। प्रदर्शनी में राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों की इकाईयां भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, बुलंदशहर के खुर्जा के कॉकरी उत्पाद, मुरादाबाद के ब्रास उत्पाद, कानपुर के लेदर उत्पाद, वाराणसी की साड़ियां, कश्मीर की शॉल, बरेली के जरी एवं फर्नीचर, रामपुर का शहद और भदोही के कालीन जैसे विशिष्ट उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। यहां हैंडीक्राफ्ट, सूती, ऊनी और रेशमी कपड़े, पर्दे, माटीकला उत्पाद, खिलौने, मूर्तियां और रेडीमेड गारमेंट्स जैसे विभिन्न प्रकार के उत्पाद बिक्री और प्रदर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ये सभी उत्पाद विभिन्न इकाइयों द्वारा निर्मित किए गए हैं। दस दिवसीय इस प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न प्रकार के लोक नृत्य, गायन, वाद-विवाद, लोकगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी और इसमें प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क होगा। यह जानकारी परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, बरेली मंडल, मनोज कुमार गुप्ता ने दी है।

# डीएम ने विशेष पुनरीक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रायफल क्लब, सदर तहसील और कैंट सदर का दौरा किया।



डीएम अविनाश सिंह ने पूर्व में निर्देश दिए थे कि नियुक्त कार्मिक फील्ड में जाकर समय पर पुनरीक्षण कार्य करें और उसकी ऑनलाइन फीडिंग भी सुनिश्चित करें। आज उन्होंने स्वयं इन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, डीएम ने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कार्य लंबित न रहे। उन्होंने कार्य की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए दो शिफ्टों में काम कराने का आदेश दिया, ताकि निर्धारित अवधि में सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे हो सकें। उन्होंने बरेली कैंट क्षेत्र में भ्रमण कर पुनरीक्षण कार्य का भौतिक सत्यापन भी किया। डीएम ने आज आयोजित विशेष शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए और आमजन को इस अभियान की समुचित जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक पुनरीक्षण कार्य में भाग ले सकें। निरीक्षण के समय बीएलओ सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# शहजादनगर में पिंक सेवा रोडवेज पलटी अलग-अलग हादसों में पांच घायल, भर्ती



**शाह टाइम्स संवादाता**

**धमोरा।** शहजाद नगर रामपुर-बरेली हाइवे पर एक जगह पर अलग-अलग समय में तीन हादसे हो गए। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने क्रेन की मदद से एक साइड कराया है। और घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस 108 के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पहला हादसा शहजादनगर थाना के जीरो पॉइंट पर शनिवार/रविवार की मध्य रात्रि दो बजे का है। साहिबा. बाद डिपो की पिंक सेवा रोड बेज लखनऊ से सवारी लेकर रामपुर के रास्ते होते हुए दिल्ली के लिए जा रही थी। जैसे ही रात्रि में रोड़वेज शहजादनगर जीरो पॉइंट के पास पहुंची तो रात्रि में जीरो पॉइंट पर अंधेरा होने के कारण हाइवे द्वारा बनाई गई नई रोड़ पर अचानक गड्ढा आने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके चलते हादसा होते ही मौके पर चीखपुखर मचने लगी। हादसे होते ही चालक परिचालक मौके से फरार हो गए। जबकि मौके से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की जानकारी एंबुलेंस 108 को दे दी। सूचन पर आनन फानन में पहुंचे एंबुलेंस चालक रजनीश और ईएमटी सोनू और शहजादनगर पुलिस ने राहगीरों की मदद से लोगों को पलटी बस से बाहर निकाला। करीब एक घंटे बस में दबे रहे दीपक पुत्र जय प्रकाश गाजियाबाद के साहिबाबाद निवासी को घंटों चले रेस्क्यू के बाद निकाला और हादसे में घायल सम्भल जिले के सिरसी मोहम्मद अनस पुत्र शकील, मोहम्मद रिजवान, सरोज पुत्र मुजफ्फर को निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। जिसके बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त रोडवेज को हाइवे से एक साइड कर हाइवे सुचारू रूप से चालू कराया।

### पिंक सेवा रोडवेज में सवार थी लगभग 60 सबारी

लखनऊ से बरेली होते हुए रामपुर के रास्ते दिल्ली को जाने वाली पिंक सेवा रोडवेज में लगभग 60 सवारियां भर कर चालक और परिचालक रामपुर होते हुए निकल रहे थे। जिसके चलते रोडवेज शहजादनगर जीरो पॉइंट पर हादसे का शिकार हो गई। रोडवेज में सवार सवारियों का कहना है। कि चालक परिचालक दोनों ही नशे की हालात में बस को चला रहे थे। जिसके चलते वह हादसे का शिकार हुए हैं।

### रोडवेज हादसे के बाद सवारियों को जाना पड़ा अन्य वाहनों से

शहजादनगर जीरो पॉइंट पर पिंक सेवा हादसे में पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके चलते रोडवेज में सवार सभी यात्रियों को रात्रि में ही अन्य वाहनों से जहांतहां रवाना होना पड़ा। जिससे लोगों को रात्रि में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जीरो पॉइंट पर नहीं स्ट्रीट लाइटें, तो हो रहे हादसे

रामपुर-बरेली हाइवे पर बन रहे शहजादनगर जीरो पॉइंट पर इन दिनों हाइवे सर्विस टीम का काम तेजी से चल रहा है। लेकिन जीरो पॉइंट से नैनीताल हाइवे,रामपुर सीटी, मुरादाबाद मार्ग बरेली हाइवे कई रोड़ होने के कारण अक्सर ड्राइवर चकमा खा जाते हैं। जिसके चलते आए दिन लोग रात्रि में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण अंधेरे में हादसे का शिकार हो जाते हैं।

### दो एम्बुलेंस 108 के चालकों ने दिखाई सतर्कता, कराया घायलों को भर्ती

रोडवेज पलटने से लेकर कार पलटने की घटना के बाद पिकअप हादसे के बाद तीनों हादसों के घायलों को शहजादनगर एम्बुलेंस 108 के चालक प्रदीप कुमार और ईएमटी दीपक कुमार और धमोरा डिविजन से आयी एंबुलेंस 108 के पायलट रजनीश कुमार और सोनू ने अपनी सतर्कता और जिम्मेदारी समझते हुए मौके पर समय से पहुंच कर तीनों हादसों में घायल सभी यात्रियों और चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया साथ ही हादसे की जानकारी उनके परिजनों को दे दी।

## नकली दूध-पनीर बनाने वाली डेयरी पर छापा

### एक क्विंटल क्रीम सहित मिलावट का अन्य सामान किया गया नष्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** रविवार को क्षेत्र खरसोल में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मुस्लिम इंटर कॉलेज के पास संचालित हो रही एक डेयरी पर छापेमारी की। इस डेयरी का संचालन यासीन नामक व्यक्ति कर रहा था, जहां बड़े पैमाने पर नकली दूध और पनीर बनाने का काम चल रहा था। विभाग को मौके से ईजी की बोतल सहित मिलावट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और फूड लाइसेंस की कमी मिली।

यह कार्रवाई मंडल सहायक आयुक्त, मुरादाबाद के नेतृत्व में की गई। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार (रामपुर), और खांग मुख्य अधिकारी कृष्ण गोपाल, प्रजन सिंह, रामचंद्र, तथा अशोक कुमार (रामपुर) जैसे अधिकारी शामिल थे। टीम ने पाया कि डेयरी में बड़ी मात्रा में पनीर और क्रीम बनाई जा रही थी। अधिकारियों ने गहन जांच के दौरान नकली दूध और पनीर बनाने में उपयोग होने वाली संदिग्ध सामग्री बरामद की।

डेयरी संचालक यासीन मौके पर फूड लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाया। छापेमारी के दौरान, मौके पर मौजूद लगभग एक क्विंटल (100 किलो) क्रीम, 250 लीटर मिलावटी मिक्स मिल्क और 40 किलोग्राम पनीर को खाद्य अधिकारियों ने तत्काल नष्ट कर दिया। घ्खाद्य अधिकारी ने डेयरी से पनीर, क्रीम और दूध के नमूने सील किए हैं, जिन्हें विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के उपरांत डेयरी संचालक यासीन के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# इम्पैक्ट कॉलेज में हुआ वागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोट (रामपुर) में शनिवार को नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वागत करते हुए उनके भीतर उत्साह, आत्मविश्वास और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इम्पैक्ट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुलतान जौहर सैफी रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. कौशल कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथियों में एम.डी. सरताज अहमद तथा प्रिंसिपल प्रो. आसिम अहमद व उस्मान सैफी शामिल रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतिक और गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुतियों का सुंदर आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन, नाटक और फैशन वॉक जैसे कार्यक्रमों से सभी अतिथियों और उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद मिस फ्रेशर का खिताब बेबी उरूज (B.Sc. Agriculture] 1st Semester) को प्रदान किया गया, जबकि मिस्टर फ्रेशर के रूप में अहमद रजा (B.A.1st Semester) चुने गए। दोनों विजेता छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी सेमेस्टर के टॉपर्स को मेडल और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। अच्छी परफॉरमेंस देने वाले फैकल्टी मेंबर्स को भी पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के सभी फैकल्टी मेंबर्स, शिक्षकगण, नॉन-टीचिंग स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने उल्लासपूर्ण माहौल में फ्रेशर पार्टी का आनंद लिया। इम्पैक्ट कॉलेज हमेशा की तरह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक परंपराओं और सकारात्मक सीखने के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गुरु नानक एकेडमी में वार्षिकोत्सव के अवसर पर संस्कार कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**(इकरार हुसैन)**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के गुरु नानक एकेडमी में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय में सभी कार्यक्रम संस्कार थीम पर आधारित था जिसके मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ओएसडी नोएडा विकास प्राधिकरण क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार विशिष्ट अतिथि गोपाल कृष्ण ब्लॉक प्रमुख मीरगंज नलिन सिंह राष्ट्रीय क्रांति युवा मोर्चा आदि रहे।

सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की काउंसिल बॉडी द्वारा आयोजित अनुशासित मार्च पास्ट द्वारा किया गया संस्कारो का अनुशासन इस संद. ेश को सभी अतिथियों द्वारा सराह गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया जिसमें सभी गणमान्य अतिथि व प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालय के चौयरमैन विशेष शर्मा अध्यक्ष रिजवान खान डायरेक्टर निर्भय सिंह सुरेंद्र शर्मा मैनेजर एमडी मीनू मिश्रा प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना के द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के चौयरमैन के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया तथा अतिथियों को अपना बहु मूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया गया संस्कार पर आधारित इस आयोजन के महत्व को विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमित गंगवार द्वारा बताया गया।

जिसमें उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक उत्कृष्टता को रेखांकित किया कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना से किया गया उसके बाद संस्कार टैवलो मे छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने दादा दादी तथा माता-पिता के प्रेम तथा संस्कार की भावना को उजागर किया गया। सभी दर्शकों द्वारा ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए छोटे-छोटे बच्चों ने बताया कि सिर्फ रटने से सफलता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। हमें कठिन परिश्रम की आवश्यकता होगी कार्यक्रम विद्यालय के कक्षा 3 से 5 के सभी बच्चों ने देश की विविधता में एकता व सांस्कृतिक धरोहर को कार्निवल द्वारा पेश किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मनोरंजन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कक्षा एक तथा दो के छात्र छात्राओं द्वारा बैले डांस प्रस्तुत किए गए। कक्षा 7 से 11 के छात्र-छात्राओं ने योगा सहित कई डांस प्रस्तुत किया कार्यक्रम का समापन आर्मी एप्ट द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना द्वारा सभी का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में मोहम्मद शारुन, प्रशांत पांडे, आकांक्षा, अंजलि, दिव्या गुप्ता, उर्वशी कश्यप, नोमान खान, अंशु गंगवार, खुशी, सुहानी, बबीता, वैभव त्रिवेदी, विकास, मोनिका चौरसिया, आयुषी, मंतसा, शिवानी, ममता, शिखा, दीपेश, अमनजोत, प्रवीण, अभिषेक, कबीर, आमीन खान, रचना महेश्वरी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## धमोरा चौकी इंचार्ज ने एंबुलेंस 108 कर्मियों के सामान फेंकने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवादाता**

**चमरौआ।** उत्तर प्रदेश में साल 2012 में शुरू हुई एंबुलेंस 108 की सेवा को सरकार ने जिले के सभी थाने वर थाने और चौकी पर खड़ी करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान रामपुर जिले में शहजादनगर थाना और चौकी चमरौआ से लेकर चौकी धमोरा में भी लगाई गई थी। सालों से एंबुलेंस और उसके सहायक कर्मी अपनी सेवा स्थानीय चौकी में रह कर दे रहे थे। ताकि रात्रि कोई इमरजेंसी आने पर बेहतर सेवा दी जा सके। जिसके चलते धमोरा चौकी पर तैनात एंबुलेंस 108 के चालक और ईएमटी का कहना है। कि वह लगभग सात साल से चौकी पर रहकर अपनी सेवा दे रहे हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से धमोरा चौकी इंचार्ज चौकी में रह रहे एंबुलेंस चालक और ईएमटी को निकलने की बात कह रहे थे। जब एंबुलेंस कर्मियों ने अपना सामान से चौकी के कमरे को खाली नहीं किया तो चौकी इंचार्ज ने कर्मियों से सामान फेंकने का दबाव बनानें लगे। एंबुलेंस चालक सोनू और ईएमटी रजनीश का कहना है। कि जब मामला शहजादनगर थाना प्रभारी जी की संज्ञान आया तो उन्होंने एंबुलेंस चौकी पर खड़ी और खाना चौकी के मैस में खाने की बात कही। जबकि रहने के लिए चौकी से हटकर कमरा लेने का सुझाव दिया है। धमोरा में एम्बुलेंस 108 पर तैनात चालक पीलीभीत के रजनीश कुमार पिछले 11 साल से धमोरा चौकी पर रहकर अपनी सेवा दे रहे हैं। जबकि उसके साथ ईएमटी सोनू कुमार बिजनौर के सात साल से धमोरा में है।

> धमोरा चौकी में बनी बिल्डिंग पुलिस कर्मियों के लिए है। जब तक हमें उस कमरे की जरूरत नहीं थी तब तक वो लोग रह रहे थे। अब हमें उस कमरे की जरूरत है उसको खाली कराएंगे।
> **महेंद्र पाल सिंह**
> **धमोरा चौकी इंचार्ज**

## सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे पर पुलिस ने की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मडैयान झाऊ में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान श्रवण सिंह ने चार लोगों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।प्रधान श्रवण सिंह ने अपनी तहरीर में बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर वर्ष 2025-2026 में मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण कराया गया था। आरोप है कि मोहम्मद नगर निवासी दिनेश, शंकर सिंह, गंभीर और रिजवान ने 25 नवंबर को इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया।प्रधान के अनुसार, इस कार्रवाई से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, जो कानूनी रूप से गलत है। पुलिस ने प्रधान की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने गांधी समाधि पर अर्पित की पुष्पांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने आज ऐतिहासिक गांधी समाधि पहुँचकर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। गांधी समाधि को देखकर डॉ. चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि गांधी समाधि रामपुर की विरासत तथा गौरव की पहचान है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी, उप जिलाधिकारी सहित जनपद प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने एसआईआर फार्म जमा कराने पर जोर दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार को बूथ संख्या 141 ग्राम पंचायत लखीमपुर पर मन की बात का 128 बा एपिसोड देखा ओर मन की बात के एपिसोड के बाद स्वार नगर मंडल की पूरी टीम मे ने. ैप्ट के गड़ना फॉर्म सभी बूथो पर 100% कराने हेतु सभी सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी मंडल टीम को हर बूथ पर भेजा गया जिसके उपरान्त स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने अश्वासन दिया की हर बूथ पर हमारा कोई भी वोट बाकी नही रहेगा।

जिसमे उपस्थित स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर महामंत्री राजेश कुमार. शर्मा ओर अमित सक्सेना उपाध्यक्ष सूरज वाल्मीकि राजीव वर्मा मंत्री जसवीर सागर , रिंकू सैनी ,अतर सिंह , प्रेम सिंह सैनी ,दीपक चंद्रा ,इंद्रपाल आदि रहे।



## ओवरलोड खनन से भरे वाहनों की लोकेशन देने वाला धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** स्थानीय पुलिस ने खान अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर ओवरलोड खनन से लदे वाहनों की लोकेशन देने वाले को धर दबोचा।जिसका चालान कर दिया गया। खान अधिकारी अमित रंजन ने शनिवार को सैदनगर क्षेत्र में ओवरलोड खनन से लदे वाहनों की लोकेशन देने वाले आरोपी अदीब जिसके खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।जिसमें कहा गया था कि उनके द्वारा लालपुर सैदनगर रोड पर उपखनिज के लोड वाहनो की जाँच की जा रही थी तभी खान अधिकारी मुरादाबाद के द्वारा बताया गया कि एक मारूति स्विफ्ट जो ओवर लोड वाहनों को लोकेशन देकर निकलवाने का कार्य कराती है, दलपतपुर से सैदनगर की तरफ जा रही है,इसे रोककर इसकी जाँच की जाए।अमित रंजन द्वारा मेरे द्वारा कार को रोका गया। उसके अंदर से कार का ड्राइवर निकला। जिसके द्वारा अपना नाम अदीब अकरम निवासी फत्तेपुर माफी थाना डिडौली जनपद अमरोहा बताया गया। खान अधिकारी द्वारा उससे उसका मोबाईल खोलकर व्हाट्सएप दिखाने को कहा गया तो वो इनकार करने लगा। जब मोबाइल लेकर व्हाट्सएप खोलकर देखा गया, तो पाया गया कि इसके व्हाट्सएप पर कुछ ग्रुप बने पाये गये हैं, जिसमे उसके द्वारा अपने अपने नम्बर से अधिकारियो की लोकेशन देकर उपखनिज से लोड ओवरलोड गाडियो को जनपद से पार कराने का कार्य किया जाता है। जिससे जहाँ सरकारी कार्य में बाधा होती है साथ ही राजस्व की क्षति होती है।आरोपी मौके से फरार हो गया। खान अधिकारी द्वारा आरोपी अदीब के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, अधिकारियो की लोकेशन देकर उपखनिज से भरे वाहनो को बिना वैध प्रपत्र के निकलवाने, एंव राजस्व की क्षति पहुंचाने पर संसुगत धाराओ के अन्तर्गत प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई।पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार करआवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया।

## जमना जमनी के जंगल मे फिर दिखा तेंदुआ गांव वालो मे दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव जमना जमनी फिर से तेंदुआ देखे जाने से गांव वालो मे दहशत फैल गई है गांव वालो अपने बच्चो व महिलाओ जानवरो को जंगल भेजना बन्द कर दिया है जमना जमनी व चौहद्दा के जगंलो मे पूर्व मे भी तेंदुआ देखा गया था तभी से जमना जमनी व आस पास के गांव के लोग दहशत मे लेकिन फिर से सनीवार की शाम जंगल मे तेंदुआ दिखाई दिया तब गांव के लोगो मे खलबली मच गई पुर्व मे मे तेंदुआ देखे जाने की शिकायत बन विभाग से की गई थी लेकिन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने का कोई उपाये नही किया था अब फिर से तेंदुआ दिखाई देने की शिकायत ग्रामीणो ने बन विभाग से कर कार्रवाई की मांग की है।

## पंद्रह दिन बीत जाने पर भी बरामद नहीं हुई नाबालिग पुत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर का मझरा निवासी रामबाबू पुत्र हरीराम ने 27 नवंबर को दिए शिकायत पत्र दिया था जिसमें पीड़ित ने बताया कि वह 14 नवंबर को बीमारी के रहते पीड़ित अपनी दबाई लेने शाहाबाद गया हुआ था अपने घर पर अपनी विकलांग पत्नी विरमा देवी व पुत्री कंचन को घर पर छोड़कर गया था जब पीड़ित दबाई लेकर घर वापिस लौटा तब प्रार्थी की पत्नी ने बताया कि विक्की व मुकेश पुत्र हरद्वारी निवासीगण ग्राम नौसना थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद से आए और प्रार्थी की पुत्री को शादी करने के इरादे से बहला फुसलाकर ले गए है पीड़ित ने बताया कि जिसकी शिकायत एस पी से शिकायत पत्र द्वारा की थी लेकिन आज पंद्रह दिन बीतने के उपरांत अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है पीड़ित की पत्नी ने बताया कि जब हम सैफनी थाने जानकारी लेने पहुंचे तो पुलिस ने समझा बुझाकर हमे घर भेज दिया गया पुलिस प्रशासन इस केस को लेकर मोन साधे बैठे हुए हैं पीड़ित अपनी पुत्री को न पाकर बहुत परेशान है।

# घर में घुसकर महिला से सामूहिक बलात्कार

## दो सगे भाईयों समेत पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** पांच दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ सामुहिक रूप से बलात्कार किया। रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस के चक्कर काटने पर जब भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने कोर्ट का सहारा लिया। अब कोर्ट के आदेश पर मामले में दो सगे भाई समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। 4 अप्रैल 2025 को किसान घर से बाहर गया था। पत्नी अपने बच्चों के साथ घर में सोई हुई थी। आरोप है कि तभी गांव का रहने वाला साहिल, रजा, मुजफ्फर, शाकिर और नौशाद घर में घुस आए और तमंचे के बल पर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। शोर सुनकर पहुंची पड़ोसी महिला के साथ भी आरोपियों ने छेड़छाड़ की। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत डिडौली कोतवाली पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सीजेएम कोर्ट के आदेश पर साहिल, रजा, मुजफ्फर, शाकिर और नौशाद के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी

## आरके स्कूल में बिन पानी सब सून कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल, अमरोहा में वार्षिक उत्सव "बिन पानी सब सून" का भव्य आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समाज तक पहुँचाना रहा।

मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं राज्यपाल के पूर्व सलाहकार श्री खुर्शीद अहमद गनाई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य करना है, तो अध्ययन के साथ समर्पण और अनुशासन आवश्यक है। विद्यालय के संरक्षक श्री अजय जी ने कहा कि



अमरोहा क्षेत्र में कभी अनेक नदियाँ प्रवाहित होती थीं, परंतु लापरवाही एवं जागरूकता की कमी से वे विलुप्त होती चली गईं। यदि अब भी समाज नहीं जागा तो भविष्य में एक-एक बूँद जल के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बिन पानी सब सून विषय पर आधारित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें जल संकट, वर्षा जल संचयन और जल प्रदूषण जैसे मुद्दों को संवेदनशील ढंग से प्रदर्शित किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबन्धक श्रीमति अंजली टंडन एवं अध्यक्षा सुश्री अदिती टंडन ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बारात में हंगामा, कार के शीशे तोड़े

## दो पक्षों में मारपीट, दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के सरकड़ी अजीज गांव निवासी कमल कश्यप के विवाह समारोह में शनिवार रात उस समय हंगामा मच गया जब भोजन के दौरान दो पक्षों में कहासुनी बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक पहुंच गई। मामला हाथापाई से आगे बढ़कर कार के शीशे तोड़े जाने तक पहुंच गयाद्य जिससे समारोह की खुशी माहौल में तनाव फैल गया।जानकारी के अनुसार नारंगपुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में कमल कश्यप की शादी का आयोजन चल रहा था। समारोह में उनके दोस्त प्रदीप कुमार, अनुज कुमार, मनोज कुमार और सादिक सभी निवासी सलामतपुर भी शामिल थे। इसी दौरान गांव के ही रूद्रप्रताप सिंह और फैसल भी समारोह में मौजूद थे।भोजन के समय किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। मारपीट में फैसल तथा दूसरे पक्ष के अनुज और सादिक सहित तीन लोग घायल हुएद्यविवाद शांत होने के बाद जब प्रदीप कुमार अपनी कार लेकर लौटने लगे, तो आरोप है कि कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए उनकी कार के शीशे भी तोड़ दिए।घटना की सूचना देने दोनों पक्ष थाना डिडौली पहुंचे और एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महबूब ने किया एपी हैल्थ क्लब का उद्घाटन

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक है।

नगर के टीपीनगर चौराहा स्थित एपी हेल्थ क्लब का उद्घाटन सदर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। तेज जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच फिटनेस क्लबों का महत्व और भी बढ़ जाता है। ऐसी जगहें न केवल युवाओं बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होती हैं।उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमें रोज कुछ समय योग, व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के लिए निकालना चाहिए। इससे शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से हेल्थ क्लब जैसी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हाजी इकरार अंसारी, इकरार मेंबर, कौसर अली अब्बासी, अनस अब्बासी, रोमी शफात, हाजी कदीर सिद्दीकी, शाहनवाज सिद्दीकी जकीरुद्दीन, राधेलाल रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# धमकी देने में किसान व बेटा-बेटी पर रिपोर्ट

## पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** दीवार तोड़ने के बाद मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में किसान समेत बेटे-बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सीओ के आदेश पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव देहरा चक निवासी किसान सुरजीत सिंह उर्फ सुनील कुमार ने दो फरवरी को इकोंदा गांव निवासी हुक्म से दो बीघा जमीन खरीदी थी। उसी समय दो दीवारों का निर्माण करा दिया था। करीब एक माह पूर्व वह तीसरी दीवार का निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि हुक्म अपनी बेटी अंजु और बेटे धीरेंद्र को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और जबरन दीवार ढहा दी। सुरजीत सिंह उर्फ सुनील कुमार ने जब विरोध किया और शिकायत की तो तीनों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरजीत सिंह ने एसडीएम अमरोहा को शिकायती पत्र देकर घटना की जानक.ारी दी। इसके बाद जमीन पर सीसीटीवी लगा दिए। इसके बाद हुक्म ने उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। शिकायत की जांच के बाद सीओ सिटी अभिषेक यादव के आदेश पर डिडौली पुलिस ने हुक्म के अलावा बेटी अंजु और बेटे धीरेंद्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एक नजर

### एसआईआर फार्म भरने को मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** कस्बा जोया के मोहल्ला इकबालनगर में एसआईआर फॉर्म भरने को लेकर हुए विवाद में एक युवक और उसके भाई के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित शुऐब की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित शुऐब का आरोप है कि मंगलवार सुबह वह मोहल्ले में एसआईआर फॉर्म भर रहा था तभी मोहल्ले के ही हसीन, मोहसिन उर्फ तननू, तौहीद और मकबूल ने यह कहते हुए विवाद शुरू कर दिया कि तुम मोहल्ले वालों के फॉर्म फ्री में भर रहे हो जबकि हम 50 रुपये ले रहे हैं।इसी बात पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतर आए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म व हत्या की धमकी देने में पांच पर रिपोर्ट

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के भीकनपुर मूंढा गांव में एक महिला के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद अदालत के आदेश पर पांच आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। 4 अप्रैल 2025 को पीड़िता के पति घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान गांव के ही साहिल, रजा, मुजफ्फर, शाकिर और नौशाद घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने बच्चों को दूसरे कमरे में बंद कर दिया।मुजफ्फर ने तमंचा तानकर पीड़िता को शोर न मचाने की धमकी दी। थाने में कार्रवाई न होने से निराश पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए थाना डिडौली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए।अदालत के निर्देश के बाद पुलिस ने गांव के साहिल, रजा, मुजफ्फर, शाकिर और नौशाद के विरुद्ध दुष्कर्म, घर में घुसपैठ, जान से मारने की धमकी सहित गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ककराली में पुलिस ने कराई मुनादी

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के ककराली गांव में पुलिस ने एक मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई। जानकारी के अनुसार ककराली गांव निवासी वसीम पुत्र अब्दुल वसीम के घर पर एसआई मनोज कुमार तथा सिपाही दीपक पहुंचे और नोटिस चस्पा किया। इसके बाद पुलिस टीम ने पूरे गांव में मुनादी कराते हुए नोटिस की जानकारी ग्रामीणों को दी। पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई संबंधित प्रकरण में कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि नोटिस के अनुपालन में आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

### केसरा में दुकान पर विवाद, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव केसरा में दुकान पर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। बीते दिन गांव केसरा में दुकान पर किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ते-बढ़ते विवाद में बदल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात नियंत्रित किए और दोनों पक्षों से पूछताछ की। जांच के आधार पर पुलिस ने नौगांवा सादात क्षेत्र के रहने वाले अतुल, रवि, और लवी उर्फ लवलेश को गिरफ्तार किया। तीनों को कार्रवाई पूरी कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का तनावपूर्ण माहौल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती से कदम उठाए जाते रहेंगे।

### सिंचाई विभाग कार्यालय से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सड़क बनाने वाले मजदूर की बाइक सिंचाई विभाग के कार्यालय से चोरी हो गई। पुलिस को तहरीर दे दी है। जनपद हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ के गांव सेहम निवासी अरविंद पुत्र वीरपाल सिंह हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दियावली में बन रही सड़क पर काम करता हैं। शनिवार को अरविंद गजरौला मार्ग स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय पर आया था। वह बाइक खड़ी करके कार्यालय के भीतर चले गये। कुछ समय के बाद जब वह कार्यालय से बाहर को आये तो वहाँ खडी हुई बाइक को गायब देखकर उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई।

### सीमेंट से भरा ट्रक खंदक में पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की रात सीमेंट से लदा एक ट्रक अलीगढ़ मार्ग पर हथिया खेड़ा गांव के पास स्टेरिंग फेल होने के कारण सड़क किनारे खंदक में पलट गया। ट्रक अलीगढ़ से सीमेंट लेकर बिजनौर के आलमपुर जा रहा था। हादसे के तुरंत बाद ट्रक के चालक शमशाद निवासी सुल्तानपुर वीरान व परिचालक नितिन सैनी निवासी रहरा अड्डा ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक चालक शमशाद ने बताया कि अचानक ट्रक का स्टेरिंग फेल हो गया। जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। ट्रक पलटने के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को खंदक से बाहर निकाला जायेगा।

# नाली निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के अवंतिकानगर वार्ड में डूडा द्वारा सड़क की कार्ययोजना में बनाए गई नाली में लोगों ने घटिया ईंट, कम सीमेंट आदि लगाने का मुद्दा उठाया है।

वार्ड के मौहल्ला चरण सिंह नगर में डूडा द्वारा सड़क निर्माण व नाली निर्माण का कार्य कराया जा

**■ लोगों द्वारा जताया गया रोष**

रहा है। सड़क से पूर्व साइडों की नाली बनवाई जा रही है। निवासी देवेन्द्र सिंह चौधरी, राहुल चौधारी, सोमवीर सिंह, निर्मला देवी, रजनी, मोनिका, बाला देवी का आरोप है कि बनवाई जा रही नाली में ईंटो की क्वालिटी बहुत ही घटिया है। वे हाथों से ही उखड़ रही हैं और आसानी से ही टूट रही हैं। लोगों को पूरी आशंका है कि जब नाला निर्माण में ही घटिया ईंट लगवाई जा रही हैं तो सड़क बनवाने में भी मानक अनुरूप काम नहीं होगा। उन्होंने इस मामले की शिकायत डूडा व प्रशासनिक अधिकारियों से करने की बात कही है। लोगों का कहना है कि उन्होंने ठेकेदार से घटिया सामग्री की शिकायत की थी मगर उसके बाद कोई सही काम नहीं कराया जा रहा है। वहीं वार्ड सभासद मनु शर्मा ने भी पूरे प्रकरण की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही है।



गजरौला: नाली निर्माण के कार्य में लग रहीं घटिया ईंटे दिखाते लोग।

# असहायों के लिए नपा ने शुरू कराया रैन बसेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद की ओर से निर्धनों, असहायों के लिए नगर के हसनपुर रोड पर मुहल्ला अल्लीपुर में शीतकालीन रैन बसेरा

**■ दस लोगों के ठहरने की रहेगी व्यवस्था**

तैयार कराया गया है। यहां पर पांच महिला व पांच पुरूषों दस लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

वातावरण में ठंड बढ़ने के साथ साथ सर्द हवाएं शुरू हो गई हैं। इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने लोगों को सर्दी से बचाने के लिए शीतकालीन रैन बसेरा तैयार कराया है। पालिकाध्यक्ष राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने कहा कि सर्दी से बचने के लिए निर्धन, असहाय व्यक्ति रैन बसेरा में रात गुजार सकते हैं। अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने बताया कि रैन बसेरा में 10 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसमें रजाई गद्दे, फोल्डिंग व पेयजल की व्यवस्था रहेगी तो वहीं सर्दी बढ़ने पर सुबह व शाम को अलाव भी जलवाया जाएगा। यहां पर एक कर्मचारी भी तैनात रहेगा, जो सारी व्यवस्थाएं और सुविधा देखेगा। ईओ ने बताया कि नगर पालिका द्वारा सर्दी से बचाव के लिए नगर के प्रमुख स्थानों व चौराहों पर भी शीघ्र ही अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी।




गजरौला:नगर पालिका द्वारा अल्लीपुर में तैयार किया गया रैन बसेरा।

## जिला बदर युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पुलिस ने एक जिला बदर युवक को गिरफ्तार करके चालान करके न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि थाना नगलिया मेव निवासी सुरत. राम सिंह का पुत्र रिंकू 19 सितम्बर 2025 से जिला बदर का आरोपी है। उसे गिरफ्तार करके उसके विरूद्ध धारा 10 उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 में मुकदमा दर्ज करके न्यायालय में पेश किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में अपराध करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा, उसके विरूद्ध कार्रवाई होगी।

## मनमोहन सेन बने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** आल इन्डिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक में गजरौला के मुहल्ला टीचर्स कॉलोनी निवासी मनमोहन सिंह सेन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पहले उनके पास राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी थी। महाराष्ट्र के जलगांव स्थित होटल रॉयल में आयोजित बैठक में सिकंदराबाद निवासी कैलाश राठौर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जबकि गजरौला निवासी मनमोहन सिंह सेन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनमोहन सिंह सेन को मिली इस जिम्मेदारी से उनके समर्थकों और उल्लास का माहौल है। श्री सेन ने बताया कि वे इस जिम्मेदारी के मिलने के बाद संगठन की मजबूती के लिए देश भर में घूमकर मेहनत करेंगे।

# टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

## महिला शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** महिला शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को सांसद कंवर सिंह तंवर से मुलाकात कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई और कहा कि वर्षों से कार्यरत शिक्षकों पर यह नियम लागू करना अव्यावहारिक और शिक्षकों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी उत्तीर्ण करना जरूरी कर दिया गया है, जबकि केंद्र सरकार और



एनसीटीई की पूर्व अधिसूचनाओं में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। उन्होंने कहा दो वर्ष में टीईटी पास न करने पर सेवा समाप्ति की आशंका ने शिक्षकों में भय और असमंजस पैदा कर दिया है। संघ की पदाधिकारी अंजू गौतम ने बताया कि प्रदेशभर में सांसदों को ज्ञापन सौंपकर केंद्र से विधायी हस्तक्षेप की मांग की जा रही है ताकि पुराने शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय देशभर के लगभग 20 लाख शिक्षकों की नौकरी पर संकट खड़ा कर सकता है। सांसद कंवर सिंह तंवर ने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे और शिक्षकों की चिंता दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह करेंगे। टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर शिक्षकों की यह संगठित आवाज अब जिले के साथ-साथ प्रदेश में भी जोर पकड़ती दिखाई दे रही है।

# रास्ते में रोककर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** घर में आए मेहमानों के लिए नाश्ते का सामान खरीदने गए युवक को गांव के ही चार लोगों ने पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी सुरेश सिंह के घर पर 28 नवम्बर की शाम को मेहमान आए थे। उनका पुत्र रूपचंद मेहमानों के

**■ चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

नाश्ते का सामान लेने के लिए दुकान पर गया था। आरोप है कि गांव निवासी बादल, गौरव, अभिषेक एवं विकास ने रास्ते में रोककर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग बचाने दौड़े तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पिता सुरेश की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित बादल, गौरव, अभिषेक व विकास के विरूद्ध प्राथमिकी कर ली है।

# मुसलमानों को सभी दलों ने छला

## साजिद को नौगांवा विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कैडर कैंप में मुसलमान की स्थिति दलितों से बदतर बताई गई। इसके लिए कांग्रेस व समाजवादी पार्टी को दोषी ठहराया गया है।

रविवार को ग्राम शाहपुर कलां में ऑल इंडिया मजलिस इत्ते.हादुल मुस्लिमीन के कैडर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मजलिस के एससी एसटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ टीपी सिंह ने कहा मुल्क में मुसलमान वोट बैंक बन गया है। सेक्युलर दलों की बदौलत आज भाजपा सरकार की संगीने मुसलमान के तीनों पर निशाना ताने हुए है। सभी जातियों ने अपने-अपने नेता झंडे चुने लिए हैं। तो मुसलमान को भी देर किये बिना बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी को अपना मसीहा चुन लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि सेकुलर दलों ने अनेक अब्दुलो को मंत्री बनाया। लेकिन एक मंत्री भी किसी युवा मुसलमान को सरकारी नौकरी नहीं दे सका। जिलाध्यक्ष साजिद अली चौधरी ने कहा कि सेकुलर दल मुसलमालो को कमजोर करके और डराकर सत्ता सीन हुए हैं। अब लड़ाई बटन की है जिसे मुसलमानो को लड़ना चाहिये। उन्होंने बताया कि पार्टी मजबूती के साथ जिला पंचायत चुनाव में सभी सीटों पर इलेक्शन लड़ेगी। अब मजलिस का साथ दें और युवाओं को नेतृत्व करने के लिए आगे आना चाहिये। इस अवसर पर हाजी शहजाद खान, नबी हसन सैफी, छून्नन अल्वी, साजिद सैफी, मोबीन खान, इकरामुद्दीन, शाहजेब आलम, नासिर सैफी, समीर हसन, जीशान, आसिफ आदि मौजूद थे।





# कोहली का 52वां शतक

## भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 349 का विशाल स्कोर बनाया

**रांची, वार्ता।** विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

विराट ने 120 गेंदों पर 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली जो उनका 52वां एकदिवसीय शतक था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 51 गेंदों पर 57 रन में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर वनडे में नए सिक्सर किग बन गए। कार्यवाहक कप्तान राहुल ने 56 गें. दों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को चौथे ओवर में यशस्वी जायसवाल (18) के रूप में पहला झटका लगा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया। इस दौरान 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। कॉर्बिन बॉश की अगली गेंद पर उन्होंने एक और छक्का जड़ दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। रोहित अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 22वें ओवर में टीम के 161 के स्कोर पर आउट हुए। भारत का तीसरा विकेट ऋतुराज गायकवाड़ (आठ) के रूप में गिरा। वॉशिंगटन सुंदर 13 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को ऑटनील बार्टमैन ने आउट किया। 38वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर अपना 52वां शतक पूरा करने के बाद विराट और अधिक आक्रामक हो गए। कोहली ने102 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। प्रीनेलान सुब्राएन के पारी 39वें ओवर में विराट ने दो छक्के और दो चौके और लगाते हुए 21 रन ठोक डाले। 43वें ओवर में नांद्रे बर्गर की गेंद पर रायन रिकलटन ने विराट कोहली का कैच पकड़ा। विराट कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली। भारत छठा विकेट 49वें ओवर में कप्तान केएल राहुल के रूप में गिरा। केएल राहुल ने 56 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। आखिरी ओवर में रवींद्र जडेजा 20 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने दो चौके और एक छक्का लगाया।

# रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा छक्के मारने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**रांची, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीन छक्के लगाकर वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित शर्मा ने अब 277 वनडे मैचों में 352 छक्के जड़कर छक्का लगाने का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम यह रिकॉर्ड था जिन्होंने 398 एक दिवसीय मैच खेलकर 351 छक्के मारे थे। वर्तमान में रोहित के नाम 503 मैचों में कुल 19,959 रन हैं और अब वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन से केवल 61 रन दूर हैं। इससे पहले केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ही 20 हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब रोहित ने 56 मैचों में 61 छक्के जड़े हैं, जबकि दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है जिन्होंने 64 छक्के मारे हैं। अगर रोहित अगले मैच में चार छक्के जड़ते हैं, तो वे इस मामले में भी नंबर एक स्थान प्राप्त कर लेंगे। रोहित ने घरेलू मैदानों पर अब तक 95 वनडे मैचों में 4924 रन बनाए हैं। अगर वे अगले वन डे मैच में 76 रन बनाते हैं घरेलू मैदानों पर वनडे मैचों में 5 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे में खेलते है। उनके नाम तीनों प्रारुपों में कुल 645 छक्कों का विश्व रिकार्ड है। उन्होंने 67 टेस्ट में 88 छक्के, 277 वनडे में 352 छक्के और 159 टी-20 में 205 छक्के मारे है। रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 51 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेलकर खेल प्रेमियों का दिल जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 33 प्लस नौजवानों ने 50 प्लस की पारियां खेलीं

**रांची, वार्ता।** वनडे इतिहास में यह सिर्फ़ नौवीं बार है, जब किसी पुरूष वनडे में तीन 33 प्लस उम्र के बल्लेबाज़ों ने 50 प्लस की पारियां खेली हैं- रोहित शर्मा (38), विराट कोहली (37) और केएल राहुल (33)। विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए ऐसा सिर्फ़ एक बार और हुआ है, जब 2007 के वड़ोदरा वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ़ सौरव गांगुली (34), राहुल द्रविड़ (34) और सचिन तेंदुलकर (33) ने 50 प्लस की पारियां खेली थीं।

### ओमान पर जीत के साथ भारत क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाने के और करीब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने शनिवार को चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए। अनमोल (29') और शारदा (55') ने बाकी दो गोल किए।

# केकेआर के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने आंद्रे रसेल को शुभकामनाएं दीं

- **रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने रविवार को वेस्ट इंडीज के महान खिलाड़ी और टी-20 के बड़े खिलाड़ी आंद्रे रसेल को आईपीएल से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं दीं।

रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया। बॉलीवुड स्टार ने रसेल के आईपीएल से रिटायरमेंट पर कहा कि शानदार यादों के लिए धन्यवाद, आंद्रे। हमारे यो(।!!! केकेराइडर्स में आपका योगदान यादगार है। और एक खिलाड़ी के तौर पर आपके शानदार सफर का एक और चैप्टर शुरू हो रहा है। शाहरुख खान ने कहा कि पावर कोच हमारे बैंगनी और सुनहरे रंग के लड़कों को ज्ञान, ताकत और बेशक ताकत देते हुए और हां, कोई भी दूसरी जर्सी तुम पर अजीब लगेगी मेरे दोस्त ज़िंदगी भर मसल रसेल! लव यू टीम और खेल से प्यार करने वाले सभी लोगों की तरफ से!!ष सैंतीस साल के आंद्रे रसेल ने रविवार को कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग से रिटायरमेंट की घोषणा करके सभी को चौंका दिया।

हेलो केकेआर फैंस। मैं आज यहां आपको यह बताने आया हूं कि मैंने आईपीएल से रिटायर होने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की अलग-अलग लीगों और बाकी सभी केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए एक्टिव रहूंगा।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल करियर को अलविदा कहा



**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक हैरान करने वाले फैसले में, आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। 37 साल के वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर, जिन्हें हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया था, ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ साइन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2026 सीजन के लिए केकेआर के सपोर्ट स्टाफ़ में उनके पावर कोचष के तौर पर शामिल होंगे। एक रिलीज में रसेल के हवाले से कहा गया कि मेरे पास (आईपीएल में) कुछ शानदार समय और शानदार यादें थीं, छक्के मारना, गेम जीतना, एमवीपी हासिल करना। जब मैंने यह फ़ैसला किया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फ़ैसला था। मैं गायब नहीं होना चाहता, मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं। जब फ़ैन पूछें कि क्यों? तुममें अभी भी कुछ और बाकी है, तब रिटायर होना सबसे अच्छा है। हां, तुम्हें यह सालों पहले कर लेना चाहिए था के बजाय तुम अभी भी थोड़ा और खेल सकते थे। लीग में रसेल की साख जबरदस्त है। 12 सीजन के आईपीएल करियर में, उन्होंने 140 मैच खेले, जिसमें 174.18 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 9.51 की इकॉनमी से 123 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा। रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया, जिसके बाद 2014 की नीलामी में केकेआर ने उन्हें साइन किया। उन्होंने अपने 133 आईपीएल मैच पर्पल और गोल्ड रंग में खेले, और इस दौरान दो टाइटल (2014 और 2024) जीते। उन्होंने इस दौरान दो बार, 2015 और 2019 में आईपीएल एमवीपी अवॉर्ड जीता। उनकी ज़बरदस्त लोअर-ऑर्डर हिटिंग ने उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे खतरनाक फिनिशर में से एक बना दिया। अपने रिटायरमेंट के समय, उनके पास 223 आईपीएल मैच थे। छक्कों की वजह से वह ऑल-टाइम लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं, उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर हैं। हालांकि, हाल के सीजन में इसमें काफी गिरावट देखी गई। आईपीएल 2025 में, उन्होंने बल्ले से सिर्फ 167 रन बनाए और 11.94 की इकॉनमी से आठ विकेट लिए, जिससे उनकी फिटनेस और फॉर्म पर सवाल उठे। इस गिरावट ने शायद केकेआर को उन्हें रिलीज करने के फैसले पर असर डाला, जिससे आने वाली नीलामी के लिए 12 करोड़ रुपये बच गए। रसेल ने कहा कि जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग जर्सी (दूसरी टीमों की) में फोटोशॉप्ड देखते रहते हैं। मुझे खुद को पर्पल और गोल्ड के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगा और ए ख्याल मेरे दिमाग में आते रहे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।

### अफरीदी को पछाड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित

**रांची, वार्ता।** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए है। यहां रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी 57 रनों की पारी में तीसरा छक्का मारते ही अफरीदी का वनडे में 351 छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा।

# चयनकर्ता प्रमुख अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात

- **अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों पर अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवम्बर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है।

सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सर्किट से ज्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आलोचना की जाती है, नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।

अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है। यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवम्बर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं। टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फ़ॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है।

### अलेंदे ने इंटर मियामी को एमएलएस कप के फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्ट्राइकर तादेओ अलेंदे की हैट्रिक की मदद से इंटर मियामी शनिवार को न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराकर अपने पहले एमएलएस कप फाइनल में पहुंच गया। अलेंदे ने गोलकीपर मैट फ्रीज़ को उनके नजदीकी पोस्ट पर छकाते हुए दाहिने पैर से एक दमदार ड्राइव मारकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में अपनी टीम को आगे कर दिया।

अलेंदे ने नौ मिनट बाद फिर से गोल किया, जोर्डी अल्बा के तिरछे क्रॉस के बाद एक लूपिग हेडर को दूर कोने में भेजा। विज़िटर्स ने जस्टिन हाक के ज़रिए एक गोल वापस किया, जिन्होंने मैक्सी मोरालेज के क्रॉस पर रोक्को रियोस नोवो के पास एक बुलेट हेडर से गोल किया।

# रूट का बल्ले से मजबूत जवाब देने का वादा



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाज जो रूट ने एशेज की खराब शुरुआत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में सफल होने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पर्थ ओपनर में 0 और 8 रन बनाने के बाद भी, इस दौरे पर उन्हें एक बिल्कुल अलग खिलाड़ी जैसा महसूस हो रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में रूट का रिकॉर्ड उनके शानदार टेस्ट करियर पर एक दाग है और ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं। वह इस फॉर्मेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (13,551) हैं, जो सिर्फ भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921) से पीछे हैं। रूट, जो अब टेस्ट क्रिकेट में 13,551 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया में 15 टेस्ट मैचों में उनका औसत 33.33 है, जो उनके कुल टेस्ट औसत 50.94 से काफी कम है। पर्थ में दो दिन के अंदर इंग्लैंड को भारी हार मिली, जिससे टॉप ऑर्डर की ऑस्ट्रेलियाई हालात का सामना करने की काबिलियत को लेकर नई चिताएं पैदा हो गईं। रविवार को यहां रिपोर्टर्स से बात करते हुए, रूट ने कहा कि दूसरी इनिंग्स में अपने अप्रोच से वह उत्साहित थे, भले ही मिचेल स्टार्क की गेंद पर एक बड़ा कवर ड्राइव लगाने की कोशिश में वह गिर गए थे। रूट ने कहा कि उन्हें लगा कि दूसरी इनिंग्स में उनका टेम्पो बहुत अच्छा था।

# इशान का नाबाद शतक, झारखंड ने त्रिपुरा को हराया



**अहमदाबाद, वार्ता।** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17.3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था। उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली। विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाए। त्रिपुरा के लिए विकी साहा, सौरभ दास ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विजय शंकर ने 41 गेंदों में (59), बिक्रमकुमार दास 29 गेंदों में (42) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 21 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया। त्रिपुरा के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। झारखंड के लिए विकास सिंह और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए। सौरभ शेखर, उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। टूर्नामेंट के अन्य मैचों में गुजरात ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच सौरव चौहान ने 52 गेंदों में नाबाद 81 रनों की पारी खेली। विशाल जायसवाल ने 19 गेंदों मे 23 रन बनाए। गुजरात ने छह विकेट पर 143 रन बना कर यह मुकाबला जीता। हरियाणा के लिए अंशुल कम्बोज और सुमित कुमार ने दो-दो विकेट लिए। अमित राणा और अनुज ठकराल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। हरियाणा के लिए यशवर्धन दलाल ने सर्वाधिक (51), सामंत जाखड़ (28) और निशांत सिधु ने 19 रनों का योगदान दिया। गुजरात के लिए अरजान नागवासवाला और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। हेमांग पटेल को दो विकेट मिले। विशाल जायसवाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। रेलवे ने कप्तान कर्ण शर्मा (दो विकेट / नाबाद 24 रन) के मैन ऑफ द मैच के शानदार प्रदर्शन के दम पर असम को दो गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराया।

# 32 गेंदों में शतक, अभिषेक का तबाड़तोड़ शतक

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक शर्मा (148/ एक विकेट) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद हरप्रीत बरार (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 112 रनों से करारी शिकस्त दी। अभिषेक शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली जिसकी बदौलत पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 311 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 66 गेंदों में (नाबाद 130) रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर ही बना सकी और उसे 112 रनों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अभिमन्यु ईश्वरन का बंगाल के लिए यह सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है उन्होंने रि(मान साहा (129 रनों) के रिकार्ड को तोड़ा। इसके अलावा उन्होंने एक मैच में बंगाल के लिए सर्वाधिक आठ छक्के लगाने का भी रिकार्ड कायम किया। आकाश दीप ने सात गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए 31 रन बनाए। बंगाल के शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 23 रन देकर चार विकेट लिए। गुरनूर बरार और नेहाल वढेरा को दो-दो विकेट मिले। अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब के लिए अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 12-3 ओवर में रिकार्ड 205 रन ठोक डाले। यह टी-20 में पंजाब के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। प्रदीप्त प्रमाणिक ने प्रभसिमरन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रभसिमरन ने 35 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए 70 रन बनाए। अनमोलप्रीत सिंह छह गेंदों में (11), रमनदीप सिंह 15 गेंदों में (39), सनवीर सिंह नौ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है और उन्होंने शुभमन गिल के 126 रनों के रिकार्ड को तोड़ा है।



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

सोमवार, 1 दिसम्बर 2025

## सिर्फ औपचारिकता

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार (आज) से शुरू हो रहा है। जैसाकि एक परंपरा बन गई है, कोई भी सत्र शुरू होने से पूर्व सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाती है। इसके पीछे उसका मकसद होता है कि जो भी विपक्ष के साथ उसके मतभेद हैं, उनको बैठकर पहले ही हल कर लिया जाए, जिससे संसद की कार्रवाई सुचारू रूप से चल सके। रविवार को भी सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। जैसाकि होता है संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजि. जू ने बैठक के बाद कहा भी कि सभी दलों के साथ बैठक अच्छी रही, उपयोगी रही और सबसे बड़ी बात सौहार्दपूर्ण रही, जिसमें विपक्ष के सभी नेताओं ने अपनी बात रखी। इसके लिए रिजिजू ने सभी का आभार भी व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक को एक औपचारिकता बताया और उसके नेता जयराम रमेश ने कह भी दिया कि सरकार को अपनी आदत के अनुसार मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। जाहिर है शीतकालीन सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब पूरे देश में एसआईआर का मुद्दा गर्माया हुआ है। विपक्ष पहले से ही इस पर सरकार को घेरता रहा है और अभी भी घेरने का इरादा जता रहा है। कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा, दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और उनकी नजर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एक गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। अब देखना होगा कि जब सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, उसका नजारा कैसा होगा। जहां तक बात सर्वदलीय बैठक की है यह तो हर बैठक में होता है। सत्ता पक्ष व विपक्ष संसद को चलने देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किस तरह का वातावरण रहता है इससे हम अच्छी तरह वाकिफ हैं, तमाम समय नारेबाजी और शोर शराबे में ही बीत जाता है। अब की बार यूं भी यह सत्र बेहद छोटे होने जा रहा है। सरकार ने केवल 19 दिनों के लिए ही इसे बुलाया है और इसमें सिर्फ 15 दिन चर्चा होनी है। शायद यह सबसे छोटा सत्र होगा। इतना छोटा सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता होगी, जबकि देश के सामने इस समय कई बड़े और गंभीर मुद्दे मौजूद हैं और उन पर बेबाकी से देश चर्चा होते देखना चाहता है, लेकिन जिस तरह का अब तक का अनुभव रहा है, उससे कोई बहुत ज्यादा उम्मीद जगती दिखाई नहीं देती। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जिस तरह तनाव की खाई बढ़ती जा रही है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अवसरवादिता पूरी तरह हावी हो चली है। विचारों की लड़ाई कहीं पीछे रह गई है। इसकी जगह आपसी रंजिश ने ले ली है।

### सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति



शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता रही, सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं, कल से शरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति है, यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा, मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, इनमें से एक अध्यादेश का स्थान लेता है और दो लोकसभा की एक समिति के पास है, जो विधेयक पेश किए जाने हैं, उनमें दस विधेयकों की संबंधित स्थायी समिति द्वारा जांच नहीं की गई है।

**–जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी






**योगेश कुमार गोयल**

न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी ग्रिड नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिए होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिए 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिए बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशत: लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच।आई।वी। परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपक. ाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है। एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## डांसिंग भालू: शोषण से संरक्षण तक की यात्रा

**भारतीय संदर्भ में यह उपलब्धि दिखाती है कि जब नागरिक समाज, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी और मानवीय शोषण जैसी जटिल समस्याओं के भी स्थाई समाधान संभव हैं। फॉरेस्ट वॉच जैसी एंटी पोचिंग इकाइयां यह स्पष्ट करती हैं कि केवल भालू नचाने की प्रथा खत्म कर देना काफी नहीं, अवैध शिकार की अर्थव्यवस्था पर लगातार निगरानी और कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है। डांसिंग भालू प्रथा का अंत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, पर इसे सफलता की अंतिम रेखा नहीं, बल्कि एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए जिसे अन्य वन्यजीवों और समुदायों पर भी लागू किया जा सकता है।**



**विनीत नारायण**

स्लॉथ भालुओं का लंबे समय तक चला डांसिंग भालू शोषण मॉडल आज लगभग समाप्त हो चुका है और इसके केंद्र में एक संगठित, मानवीय व वैज्ञानिक दृष्टि से समर्थ संरक्षण आंदोलन खड़ा है। यह बदलाव केवल एक प्रजाति को बचाने की कहानी नहीं, बल्कि कानून, करुणा और समुदाय-आधारित पुनर्वास के अनोखे संतुलन का उदाहरण भी है। सदियों तक स्लॉथ भालुओं को सड़कों पर नचाने, करतब दिखाने और मनोरंजन का साधन बनाने की परंपरा जारी रही, जिसे कलंदर समुदाय की रोजी-रोटी का आधार माना गया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत यह प्रथा दंडनीय अपराध है, फिर भी सामाजिक आर्थिक निर्भरता और ढीले अमल के कारण यह व्यापार दशकों बाद तक जारी रहा। ऐसे माहौल में वाइल्डलाइफ एसओएस जैसी संस्था का हस्तक्षेप केवल रेस्क्यू ऑपरेशन भर नहीं था, बल्कि इसने राज्य, कानून और हाशिए पर खड़े समुदाय के बीच एक संवाद की नई भाषा गढ़ी। आगरा, बैंगलुरु, भोपाल और पुरुलिया में भालू संरक्षण केंद्रों की स्थापना ने दिखाया कि पशुघ्कल्याण तभी टिकाऊ है जब उसके साथ मानवीय पुनर्वास की समांतर संरचना खड़ी की जाए। डांसिंग भालू प्रथा को समाप्त करने की सबसे बड़ी नैतिक चुनौती यह थी कि कलंदर समुदाय की आजीविका उसी शोषण पर टिकी थी, जिसे कानून रोकना चाहता था।

केवल दमनकारी कार्रवाई से भालू तो शायद छिटपुट रूप से बचाए जा सकते थे, पर समुदाय और कानून दोनों के बीच अविश्वास और बढ़ता। यहां वाइल्डलाइफ एसओएस का मॉडल उल्लेखनीय है, जिसने कलंदरों के लिए वैकल्पिक रोजगार, कौशलघ्विकास, सीड फंडिंग और विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया। लगभग 5,000 से अधिक कलंदर परिवारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर वन्यजीव शोषण से अलग आजीविका की ओर मोड़ना सामाजिक न्याय और संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का उदाहरण है। डांसिंग भालू व्यापार के खात्मे के साथ-साथ सवाल यह भी था कि बचाए गए सैकड़ों भालुओं की जीवनभर देखभाल कैसे हो। इन भालुओं पर वर्षों के शारीरिक-मानसिक अत्याचार, दांत तोड़ने से लेकर नाक में छेद कर रस्सी डालने जैसी क्रूर प्रथाओं के गहरे घाव रहे हैं, जिनसे वे जंगली जीवन में लौट ही नहीं सकते। आगरा भालू संरक्षण केंद्र सहित देश भर के रेस्क्यू फैसिलिटीज में 90 दिन का क्वारंटाइन, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, दंत उपचार, सर्जरी, थर्मल इमेजिंग, डिजिटल एक्सघ्रे और वृद्ध भालुओं के लिए विशेष जेरियाट्रिक केयर जैसे प्रावधान दिखाते हैं कि आधुनिक पशुघ्चिकित्सा और एथोलॉजी को गंभीरता से अपनाया गया है। बड़े प्राकृतिक बाड़ों में भोजन खोजने, पेड़ों पर चढ़ने, मिट्टी खोदने और सामाजिक संपर्क जैसे व्यवहारों को प्रोत्साहित करना कैद नहीं, बल्कि पुनर्वास की वैज्ञानिक परिकल्पना को सामने लाता है। भारत में अंतिम डांसिंग भालू अदित का 2009 में बचाया जाना इस कुप्रथा के औपचारिक अंत का प्रतीक है, लेकिन इससे जुड़े नैतिक और नीतिगत प्रश्न यहीं समाप्त नहीं होते। क्या वन्यजीव संरक्षण केवल कानून की भाषा में सीमित रह सकता है, या उसे सामाजिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा की नीतियों के साथ जोड़कर देखना अनिवार्य है? कलंदर समुदाय में बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए सिलाईघ्शिल्प केंद्र और बच्चों के लिए ट्यूशन सेंटरों से जुड़े प्रयास दिखाते हैं कि जब संरक्षण नीति समुदाय केंद्रित होती है, तब वह समानांतर रूप से मानवाधिकार, शिक्षा और लैंगिक न्याय के एजेंडा को भी आगे बढ़ा सकती है। 17,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा सहायता और 4,000 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाना वन्यजीव नीति को सिर्फ जानवरों की नीति मानने की संकीर्ण दृष्टि को चुनौती देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## यह है देश में चल रही स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन की सच्चाई



**तनवीर जाफरी**

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्राय: शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूंकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिए शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन यानी 04652, इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5:30 बजे था अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5:30 बजे दरभंगा पहुंचने के बजाए तीसरे दिन सुबह लगभग 8:30 बजे पहुंची। यानी यह स्पेशल ट्रेन 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहां दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रूपए है वहीं इस तथाकथित स्पेशल ट्रेन के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 रुपये वसूल किए गए।

इसी तरह वापसी के लिए भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रात: 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुंचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1:30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुंच सकी। इसका भी एसी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपये था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से श्स्पेशल ट्रेनश के नाम पर ठगे गए फालतू किराए भर से ही मतलब है।

इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानक. ारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था, परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिए रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूंकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रूपी



ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिए इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हां यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गई अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुंचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।

सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रूपये लेकर वोट डालने वाली महिलाएं तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाए हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुए हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री, रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने, जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणाएं बार बार की जाती हैं परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है, बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुंच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या लाभार्थी मतदाताओं से तो आखिर कम ही है? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही श्स्पेशल रेल गाड़ियों के संच. ालन की सच्चाई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो आतंकवादी मारे गए

**सना।** यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमेरिकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए। एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी जुल्ते के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए। यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहां अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं।

### वेनेजुएला ने अमेरिकी धमकी की निंदा की

**काराकास।** वेनेजुएला ने शनिवार को अमेरिका के उसके हवाईक्षेत्र को बंद करने की धमकी को देश के लोगों के खिलाफ एक और फालतू, गैर-कानूनी और गलत हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। एक आधिकारिक बयान में काराकस ने वेनेजुएला पर अलौकिक क्षेत्राधिकार लागू करने की अमेरिका की कोशिश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे उसके देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को पहले कहा था कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास के हवाईक्षेत्र को 'पूरी तरह से' बंद माना जाना चाहिए।

### मध्य मेक्सिको में गोलीबारी में छह की मौत, 10 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन प्रसारक 'फॉर्मूला' ने यह जानकारी दी है। प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई।

### इराक में गोलीबारी में एक सैनिक की मौत

**बगदाद।** दक्षिणी इराक के मायसन प्रांत में शनिवार को हुई गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि यह घटना अल-कहला इलाके में सुरक्षा बनाए रखने और वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई एक जांच चौकी पर आकस्मिक जांच के दौरान हुई। मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक जांच चौकी पर रुका नहीं और उसने अचानक अपना रास्ता बदल लिया। जब सुरक्षा बलों ने गाड़ी का पीछा किया तो संदिग्धों ने सैनिकों पर गोलियां चला दीं।

# भारत-रूस में सैन्य रिश्ते होंगे और मजबूत

## राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस मंजूर करेगा एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौता



■ पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूसी संसद का निचला सदन भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते पर मुहर लगाने वाला है। पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने वाले इस समझौते पर 18 फरवरी, 2025 को रेसिप्रोकल एक्सचेंज आफ लाजिस्टिक एग्रीमेंट यानी रसद पारस्परिक आदान-प्रदान समझौता हुआ था। भारत की तरफ से इस पर मास्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार व रूस की ओर से तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने रूसी सरकार के नोट के साथ आरईएलओएस को अपने अनुमोदन वाले डाटाबेस में अपलोड किया है। साथ ही कहा है कि रूसी सरकार का मानना है कि दस्तावेज के अनुमोदन से सैन्य क्षेत्र में रूस और भारत के बीच सहयोग मजबूत होगा। इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य कार्यों के लिए समन्वय को सुव्यवस्थित करना है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जिसमें राजनीति से लेकर विज्ञान और मानवीय सहयोग तक शामिल हैं। पुतिन और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दे भी प्रमुखता से शामिल होंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य पारित किए जाने और विभिन्न अंतर्विभागीय एवं व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में भारत का प्रयास रूस में निर्यात के लिए नया अवसर तलाशने पर होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में भारत का रूस से आयात बहुत ज्यादा है, हालांकि इसकी तुलना में निर्यात आयात के महज दस फीसदी ही है। भारत इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए रूस में निर्यात के लिए नए क्षेत्रों का चयन कर अपने सामानों की आपूर्ति की संभावना तलाशेगा।



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाता तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

## अप्रवासियों को पकड़वाओ, अनलिमिटेड फ्री-बीयर पाओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो राज्य के एक फेमस बार 'ओल्ड स्टेट सैलून' ने एक चौंकाने वाला आफर दिया है। बार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर कोई भी व्यक्ति अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) की मदद करके इडाहो में मौजूद किसी अवैध अप्रवासी (इमिग्रेंट) की पहचान करवाए और उसे अमेरिका से डिपोर्ट करवाने में सफल रहे, तो उसे पूरे एक महीने तक बार में अनलिमिटेड फ्री बीयर मिलेगी। कई यूजर्स ने इसे गेम जैसा बताया। वहीं, कुछ ने विनर घोषित करने और लीडर बोर्ड बनाने की सलाह दी। कुछ यूजर्स ने तो जिंदगीभर फ्री बीयर देने की मांग तक कर दी।

# नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील

## भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, इजरायल के प्रधानमंत्री, नेतन्याहू पर केस को राजनीतिक साजिश बता चुके ट्रम्प



■ नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है

■ बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ धोखाधड़ी भरोसे का उल्लंघन रिश्वत लेना शामिल हैं

**येरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमें के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इजरायल की राजनीति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है।

वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवेदन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है। बेंजामिन नेतन्याहू इजरायल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इजरायल के नागरिकों! मेरे खिलाफ जांच शुरू हुए लगभग दस साल हो गए हैं। इन मामलों में ट्रायल लगभग छह साल से चल रहा है और उम्मीद है कि यह कई और वर्षों तक चलेगा। जैसे-जैसे कोर्ट में मेरे खिलाफ झूठी दलीलों को पूरी तरह से गलत साबित करने वाले बयान और सबूत सामने आ रहे हैं, और जैसे-जैसे यह साफ हो रहा है कि मेरे खिलाफ सबूतों का ढांचा गंभीर अपराध करते हुए बनाया गया था, मेरा निजी हित रहा है और रहेगा कि इस प्रोसेस को आखिर तक जारी रखा जाए जब तक कि मैं सभी आरोपों से पूरी तरह बरी न हो जाऊं। लेकिन सुरक्षा और राजनीतिक हकीकत, देश के हित, कुछ और ही चाहते हैं। इजरायल देश बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और उनके साथ-साथ बड़े खतरों को दूर करने के बहुत सारे मौके भी हैं।

इन मौकों को पाने के लिए देश की एकता जरूरी है। ट्रायल का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ रहा है। फूट डालने की यह कोशिश फूट को और बढ़ाती है। मुझे यकीन है, देश के कई और लोगों की तरह, कि ट्रायल का तुरंत खत्म होना आग को कम करने और उस बड़े मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में बहुत मदद करेगा जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। मैंने इस मामले पर लंबे समय से बहस की है, लेकिन हाल ही में जो हुआ है, उससे केस की सुनवाई कर रहे जजों के पैनल के फैसले की वजह से तराजू को झुका दिया है। मुझे हफ्ते में तीन बार गवाही देनी है। यह एक नामुमकिन मांग है जो इजरायल में किसी दूसरे नागरिक से नहीं की जाती। मैंने राष्ट्रपति ट्रम्प की हमारे राष्ट्रपति से बार-बार की गई अपील भी देखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रायल को तुरंत खत्म करने की मांग की है ताकि मैं, उनके साथ मिलकर, इजरायल और अमेरिका के जरूरी हितों को ऐसे समय में और जोरदार तरीके से बढ़ावा दे सकूं जिसके वापस आने की उम्मीद कम है। इजरायल के प्यारे नागरिकों, बार-बार डेमोक्रेटिक चुनावों में मुझे चुना गया है और इजरायल के प्राइम मिनिस्टर के तौर पर सेवा करते रहने के लिए आपका भरोसा मिला है। सबसे पहले और सबसे जरूरी इन ऐतिहा. सिक लक्ष्यों को पूरा करना है। इन्हीं वजहों से, वकीलों ने आज राष्ट्रपति से दया की याचना की है। मुझे उम्मीद है कि देश के भले के लिए सोचने वाला हर कोई इस कदम का समर्थन करेगा। बेंजमिन नेतन्याहू का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में उनके खिलाफ चल रही सुनवाई समाज को राजनीतिक रूप से दो हिस्सों में बांट चुकी है। इसके अलावा, कुछ हफ्ते पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजरायल सरकार को नेतन्याहू को माफी देने की सलाह दी थी।

### अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में भी नेतन्याहू पर मुकदमा दर्ज

**येरुशलम।** घरेलू मुकदमों के अलावा हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू पर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आरोप है कि उन्होंने गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाया और भूख को एक रणनीति की तरह इस्तेमाल किया। हालांकि ये केस भ्रष्टाचार मामलों से अलग है, लेकिन इससे नेतन्याहू की छवि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ा है।

### नेतन्याहू खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**येरुशलम।** नेतन्याहू के खिलाफ यह मुकदमा मई 2020 में शुरू हुआ था। उन पर इजरायल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है।

**1 केस 1000 (गिफ्ट केस):**

नेतन्याहू पर हालीवुड प्रोड्यूसर अर्नोन मिलचन और आस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप हैं। इनमें 2 लाख डॉलर की कीमत के सिगार, शैम्पेन, ज्वेलरी आदि शामिल हैं। आरोप है कि इसके बदले नेतन्याहू ने उन्हें राजनीतिक लाभ दिया।

**2 केस 1000 (मीडिया डील केस):**

नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने येडियोट अहरोनोत अखबार के पब्लिशर से अपने लिए पाजिटिव कवरेज की डील की। इसके बदले उन्होंने प्रतिद्वंदी अखबार इजरायल हायोम को कमजोर करने वाला कानून पास करने की शर्त मंजूर की।

**3 केस 1000 (बीजेक टेलिकॉम केस):**

इस केस में नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने बीजेक नाम की टेलिकाम कंपनी को लाभ पहुंचाया और इसके बदले मालिक शाउल एलोविच के न्यूज पोर्टल वल्ला पर अपने पक्ष में खबरें छपवाई। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है। फिलहाल इस मामले में कम से कम 2026 तक फैसला आने की उम्मीद नहीं है।

### रूस के ऑयल टैंकर 'विराट' और 'कैरोस' पर ड्रोन अटैक

**कीव/मास्को।** रूस के दो आयल शिप (टैंकरों) पर शनिवार को ब्लैक सी में पानी के अंदर चलने वाले ड्रोन (सी बेबी) ने अटैक किया। यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। ये दोनों शिप रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा माने जाते हैं। यह प्रतिबंधों से बचने के लिए अलग-अलग देशों के झंडे लगाकर रूसी तेल ढोते थे। पहले शिप 'विराट' पर शुक्रवार को धमाका हुआ था। शनिवार को उस पर फिर से हमला हुआ। तुर्की ने बताया कि जहाज को हल्का नुकसान हुआ है, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। जहाज तुर्की तट से लगभग 30 मील दूर था। दूसरा शिप का नाम 'कैरोस' है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी।

इसमें मौजूद 25 लोग सुरक्षित निकाल लिए गए। दोनों जहाज गाम्बिया के झंडे लगाए हुए थे, लेकिन यह रूसी आयल ले जा रहे थे। हमले के समय विराट के चालक दल ने ओपन फ्रीक्वेंसी रेडियो पर मेडे काल किया था, जिसमें वे बार-बार बोल रहा था कि यह विराट है। मदद चाहिए! ड्रोन हमला! मेडे, मेडे, मेडे! यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी के मुता. बिक, यह आपरेशन एसबीयू और नौसेना ने मिलकर किया और दोनों जहाजों को इतना नुकसान हुआ है कि वे अब इस्तेमाल लायक नहीं बचे।

# हांगकांग अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

## अभी भी 150 लोग लापता, पांचवें दिन भी तलाशी, भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया



■ यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है

**हांगकांग।** हांगकांग में बुधवार को लगी भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी इस आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। वहीं, अब भी 150 लोगों का कोई पता नहीं है और बचाव दल लगातार तलाश में जुटा हुआ है। यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है।

हांगकांग सरकार के सुरक्षा मंत्री क्रिस टैंग के मुताबिक, आग की शुरुआत इमारत के निचले हिस्से में लगी प्लास्टिक और फोम बोर्ड वाली जालीदार परत से हुई। हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते सातों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज तापमान ने बांस से बनी निर्माण सामग्री और स्कैफोल्डिंग को भी जला दिया, जिससे जलते हुए बांस के टुकड़े गिरकर आसपास की इमारतों में आग फैलाते गए। घटना के बाद बचे हुए लोगों ने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार कई मंजिलों पर फायर अलार्म नहीं बजे, बाहर निकलने के रास्ते भी बंद थे, इमारतों में पुरानी और खराब आग सुरक्षा व्यवस्था थी। इन इमारतों में कुल 1984 फ्लैट और लगभग 4600 निवासी थे, इसलिए नुकसान काफी बड़ा है। इस हादसे में आग के तेजी से बढ़ने की वजहों की जांच चल रही है। अब तक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें एक महिला भी शामिल है, जो इमारतों के नवीनीकरण कार्य से जुड़ी थी। वहीं आरोप है कि निर्माण में नियमों के खिलाफ सस्ती और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

इस घटना के बाद पूरे चीन में चिंता बढ़ गई है। इसी वजह से चीन सरकार ने ऊंची इमारतों, अस्पतालों, आफिसों, माल और सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि निकासी रास्तों, पुरानी वायरिंग और ज्वलनशील निर्माण सामग्री की तुरंत जांच की जाए और खामियों को ठीक किया जाए। इस अग्निकांड में अब तक कुल 146 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 150 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस हादसे में कुल सात इमारतें प्रभावित हुई हैं, जिनमें करीब 1984 फ्लैट थे।

### बांझपन पर डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किए

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निदान और उपचार के लिए अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है। अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है।

# कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी

■ चार लोगों की मौत, 10 घायल, लोग बोले: हमें लगा कि जश्न में पटाखे फूट रहे हैं

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के स्टाकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हाल में अचानक गोलीबा. री हो गई। इस हाल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोलीबारी की वजह और हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि पहले हमें लगा कि बर्थडे पार्टी में पटाखे फूट रहे हैं। फिर पता चला कि गोलियां चल रही थीं। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा कि आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उप-मेयर जेसन ली ने कहा कि जन्मदिन की पार्टी कभी भी ऐसी जगह नहीं होनी चाहिए जहां परिवारों को अपनी जान का डर हो। यह डरावना है। एक नेता के रूप में अपने लोगों को इससे गुजरते देखना मुझे अंदर तक झकझोर देता है।

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

## झगड़े के बाद हमले का शक, विजय सरकारी नौकरी छोड़ पढ़ने गए थे



■ विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था

■ अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका

**लंदन।** ब्रिटेन में 30 साल के भारतीय छात्र विजय कुमार की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला था। परिवार ने भारत सरकार से तुरंत मदद, निष्पक्ष जांच और शव को जल्द से जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। यह दर्दनाक घटना 15 नवम्बर की रात वार्सेस्टर शहर के बारबार्न रोड पर हुई।

विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या से पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उन पर चाकू से कई वार किए गए। हालांकि, अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका है और ब्रिटिश पुलिस ने इस घटना के बारे में कोई डिटेल जारी नहीं की है। चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी शेयर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। परिवार का कहना है कि विजय बहुत होनह. र और मेहनती छात्र था। विदेश में पढ़ाई का सपना पूरा करने गया उनका बेटा अब हमेशा के लिए खामोश हो गया। विजय ने 2025 की शुरुआत में सेंट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एंड कस्टम्स की नौकरी से इस्तीफा दिया और ब्रिटेन में हायर एजुके. शन के लिए आवेदन किया था। वे ब्रिस्टल स्थित यूनिवर्सिटी आफ द वेस्ट आफ इंग्लैंड (यूडब्ल्यूई) में पढ़ाई कर रहे थे। वह कोच्चि में अपनी आखिरी पोस्टिंग पर तैनात थे, जब उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ी थी। हरियाणा में विजय का परिवार आशंका जता रहा है कि इस अपराध में हरियाणा या पंजाब का कोई व्यक्ति शामिल हो सकता है।

# पाक सरकार गाजा में भेजेगी सैनिक

■ उप पीएम डार बोले: हमास से समर्पण करवाना हमारा काम नहीं पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से सरेंडर करवाना नहीं है

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फलस्तीनी प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय कानून का विषय है।

डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। आईएसएफ का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है। डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फलस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा। डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4000 सैनिकों की मौत और 20000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को सुरक्षा और आतंकवाद के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के लड़ाकों को सीमा इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए। डार ने दावा किया कि हाल में तालिबान सरकार ने उन्हें जानकारी दी कि सैकड़ों टीटीपी उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया है।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108